राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 222
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 07 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला संरक्षक बनें मुकेश कसाना
पेज 4 गाजीपुर में कार और बाइक की टक्कर, 4 लोगो की मौत
पेज 6 यशस्वी अपने दृष्टिबाधित प्रशंसक बच्चे से मिले, बल्ला उपहार में

## संक्षिप्त खबरें

### पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में महिला से गैंगरेप

**पानीपत/सोनीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के डिब्बे में 2 युवकों ने महिला का गैंगरेप किया। इसके बाद दोनों उसे सोनीपत ले गए। वहां जाकर उसे रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया ताकि ट्रेन के नीचे कुचलकर उसकी मौत हो जाए। मगर, महिला वहां से भागने लगी तो ट्रेन की चपेट में आने से उसका पैर कट गया। जिसके बाद उसे पहले सोनीपत के नागरिक अस्पताल और फिर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। वहां परिजनों को बुलाने के बाद गैंगरेप का खुलासा हुआ। महिला घर से गायब थी और पति ने पुलिस के पास गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करा रखी थी।

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला जल्द खाली कराएं

नई दिल्ली। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। 3 जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**तीन हथगोले और असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां बरामद**



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। साथ ही, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरनकोट के जंगलों में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि अभियान में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की 6 गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की गईं। हीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, खानयार पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत कुर्की की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादी तंत्र के खिलाफ एक निर्णायक कदम उठाया गया। इसके सहायक ढांचे को ध्वस्त करने के लिए श्रीनगर पुलिस ने एक आवासीय संपत्ति को कुर्क कर लिया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है। खानयार इलाके के शालबाग के मीर मस्जिद मोहल्ला में स्थित यह संपत्ति मोहम्मद यूसुफ शाह के नाम पर पंजीकृत है। वर्तमान में यह उनके बेटे मसूद हुसैन शाह के कब्जे में है।

### हिजबुल प्रमुख समेत 11 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

इस बीच, जम्मू-कश्मीर राज्य जांच एजेंसी ने मादक पदार्थ-आतंकवाद मामले में पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद मोहम्मद यूसुफ शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन समेत 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एसआईए, जम्मू ने सबसे पहले 2022 में मामला दर्ज किया था।

# हिमाचल में कार खाई में गिरी, 4 लोगो की मौत

**अब तक 82 की जान गई; एमपी के शहडोल में 3 हजार घरों में घुसा पानी**





**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में मनाली-रोहतांग दर्रे के पास अल्टो कारसड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। एक व्यक्ति घायल है। राज्य में अब तक 82 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी है।

50 लोगों की जान लैंडस्लाइड-बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में हुई। 32 लोगों की जान सड़क हादसों में हुई है। लैंडस्लाइड के कारण राज्य की 269 सड़कों पर यातायात बंद हैं। चंबा-मंडी जिले में आज बादल फटने की घटना में 5 पुल बह गए।

मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए। नर्मदा नदी का जलस्तर 4-5 फीट और बढ़ने की संभावना है।

शहडोल में रविवार रात से तेज बारिश जारी है। निचले इलाकों के 3 हजार घरों में पानी भर गया। जिला अस्पताल के कई वार्ड में भी 1 फीट तक पानी भरा। उमरिया में भी जोहिला डैम के खई गेट खोले गए।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा रीजन में 10 घंटे तक लगातार बारिश हुई। पूरे इलाके में कई फीट पानी भर गया। सड़क पर खड़े वाहन आधे पानी में डूब गए। एनएच 343 पर सामान से लदा ट्रक गागर नदी में गिर गया।

यूपी के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 सेमी पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं।

### महाराष्ट्र के नासिक में गंगापुर डैम ओवरफ्लो

महाराष्ट्र के नासिक में तेज बारिश का अलर्ट है। आज भी पूरे जिले में तेज बारिश हो रही है। इसके कारण गंगापुर डैम ओवरफ्लो है। शनिवार शाम बांध से गंगापुर की गोदावरी नदी में 6642 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नदी किनारे मौजूद गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

### हिमाचल में मानसून का कहर अब तक 78 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में 20 जून से 6 जुलाई तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। 50 मौतें लैंडस्लाइड, बाढ़ और बादल फटने से जुड़ी घटनाओं में हुई। 28 लोगों की जान बारिश के कारण हुए रोड एक्सीडेंट में हुई हैं।

### दिल्ली में अगले दो दिन तेज बारिश का अलर्ट

दिल्ली के कई हिस्सों में रविवार सुबह से बारिश जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# भिवानी में मुस्लिम परिवार के 2 घर फूंके

**हमलावरों ने तोड़फोड़ की, बाइक को आग लगाई; पुलिस पहुंची तो पूरा परिवार भी लापता मिला**



**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी में रविवार को कुछ अज्ञात लोगों ने एक मुस्लिम परिवार के 2 घरों में आग लगा दी। साथ ही तोड़फोड़ करते हुए सामान भी बाहर फेंक दिया। घटना ढाणी मांहू गांव की है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था।

पुलिस मौके पर आई तो परिवार के लोग नहीं मिले। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए घर के आसपास पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

गांव में चर्चा है कि इस घर का एक व्यक्ति राजस्थान से लड़की को शादी करके लेकर आया है। जिसके कारण तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पड़ोसी भी चुप्पी साधे हुए हैं।

### एसएचओ बोले- अभी शिकायत नहीं मिली, जांच चल रही है

तोशाम थाना के एसएचओ महाबीर सिंह ने बताया कि असीन नाम के व्यक्ति के घर में आग लगाई गई है। एक ही परिवार के 2 मकानों को नुकसान पहुंचा है। हम जांच कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभी तक किसी की शिकायत नहीं आई है। पुलिस अभी जांच कर रही है।


### केरल में पैर पसार रहा निपाह वायरस, निगरानी में रखे गए 425 लोग

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में निपाह वायरस ने कहर बरपाया हुआ है। इसके चलते 425 लोगों पर निगरानी रखी गई है। इस बात की पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने की। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा 228 लोग मलप्पुरम जिले में पलक्कड़ में 110 और कोझिकोड में 87 लोग निगरानी में रखे गए हैं। एक शख्स का टेस्ट नेगेटिव आया है। प्रभावित इलाकों में व्यापक निगरानी और रोकथाम के उपाय शुरू कर दिए गए हैं। मलप्पुरम में इस प्रकोप का पता लगाने और आगे फैलने से रोकने के लिए फील्डवर्क शुरू कर दिया गया है। मक्करापारम्बा, कुरुवा, कूट्टिलांगडी और मांकडा की पंचायतों के 20 वार्डों में निगरानी अभियान चलाया गया है।



## हैप्पी मॉर्निंग

जीजा अपने दोस्त से बात करते हुए कहता है
यार, औरतें बहुत चालाक होती जा रही हैं
दोस्त- ऐसा कैसे
जीजा- हां यार, कल मैंने अपनी साली से मजाक में कहा-
साली तो आधी घर वाली होती है
कम्बख्त अब आधी सैलरी मांग रही है....



## शायरी

बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई
इक शख़्स सारे शहर को वीरान कर गया

## अर्थसार



सेंसेक्स:
83,432.89
+193.42 (0.23%)
निफ्टी:
25,461.00
+55.70

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 31
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 24

# अमरनाथ यात्रा-4 दिन में 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**बारिश के बीच 5वां जत्था जम्मू से रवाना; 3.5 लाख यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन किया**

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के पहले 4 दिनों में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा।

इस बीच रविवार को 7502 यात्रियों का 5वां जत्था जम्मू से पहलगाम के नुनवान और कश्मीर के गांदरबल के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जत्थे में 5,973 पुरुष, 1,169 महिलाएं, 34 बच्चे, 310 साधु और 16 साध्वी शामिल हैं।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है।

समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। अबतक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। यहां रोज 2000 श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन जारी है।

### प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहलगाम रूट बेहतर

यदि आप अमरनाथ सिर्फ धार्मिक यात्रा के रूप में आ रहे हैं तो बालटाल रूट बेहतर है। यदि कश्मीर के प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से जीना चाहते हैं तो पहलगाम रूट बेहतर है। हालांकि इसकी हालत बालटाल रूट के विपरीत है।

गुफा से चंदनबाड़ी तक सफर थकान, धूलभरा है। रास्ता पत्थरों वाला और कहीं-कहीं बहुत संकरा है। 48 किमी लंबे जर्जर रूट पर कई जगह रेलिंग गायब है तो कहीं घोड़ों के लिए अलग रास्ता है।

### खेमका की हत्या पर राहुल बोले- बिहार 'क्राइम कैपिटल' बना

पटना। बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की सरेआम हत्या पर राहुल गांधी ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल कहा है। राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पटना में व्यवसायी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है - और सरकार पूरी तरह नाकाम।

# नेशनल हाईवे पर पिकअप में घुसी कार, 4 की मौत

**आरोप- गाड़ी सवार युवक-युवती पेट्रोल भराकर भागे थे, गड्ढे के कारण बारां में हादसा**



**बारां।** बारां में सड़क हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई। गड्ढा बचाने की कोशिश में कार बेकाबू होकर आगे चल रही पिकअप में घुस गई। कार सवार लखनऊ (यूपी) से कोटा जा रहे थे।

हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गजनपुरा में हाड़ौती पैनोरमा के पास हुआ। बारां डीएसपी ओमेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि शनिवार देर रात हुए एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, एक युवती ने कोटा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी में फंसे सभी घायलों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। इसके बाद इन्हें स्थानीय हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां से घायल युवती को कोटा रेफर किया गया।

### पेट्रोल पंप संचालक बोला- बिना पैसे दिए भागे

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान लखनऊ के रहने वाले नमन चतुर्वेदी (25), दिल्ली के राहुल प्रकाश (30), गोरखपुर की अंशिका मिश्रा (25) और लखनऊ की जया शर्मा (25) के तौर पर हुई है।

जया शर्मा ने कोटा में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। वहीं, हादसे से पहले का कार का एक वीडियो भी सामने आया है।

कार पेट्रोल पंप पर रुकी थी। पंप संचालक नारायण ने बताया कि युवक-युवतियों ने यहां पेट्रोल भरवाया, लेकिन पैसे नहीं दिए।

# उज्जैन में मोहर्रम के जुलूस में बवाल

**प्रतिबंधित मार्ग में घुसने के लिए पुलिस से हाथापाई; लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा**

**उज्जैन।** उज्जैन में प्रतिबंधित मार्ग पर जबरिया मोहर्रम का जुलूस निकाल रहे लोगों को पुलिस ने रोका तो बखेड़ा हो गया।

जुलूस में शामिल लोगों ने बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। इसमें पांच पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। इस मामले में 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान घोड़ा लेकर कुछ लोग जबरन प्रतिबंधित मार्ग अब्दालपुरा की ओर घुस रहे थे।

# संदेशखाली में हुई हिंसा की जांच करेगी सीबीआई

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया आदेश**




**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच अपने हाथ में ले ली है।

सीबीआई ने मामले में आरोपित पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आठ जून, 2019 को हुई इस हिंसा में भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जब उत्तर 24 परगना जिला पुलिस जांच कर रही थी, तब शाहजहां का नाम शुरुआती चार्जशीट में था।

### कलकत्ता हाई कोर्ट में मामला दर्ज

हालांकि, राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा जांच अपने हाथ में लेने के बाद उसका नाम चार्जशीट से हटा दिया गया। मामले में राज्य पुलिस पर शाहजहां को बचाने का आरोप लगाते हुए मृतकों के स्वजन ने कलकत्ता हाई कोर्ट में मामला दर्ज किया और सीबीआई जांच की मांग की। 30 जून को हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। 2024 की शुरुआत में ईडी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मियों पर हमले के अलावा शाहजहां के खिलाफ बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में संलिप्तता, महिलाओं का यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में जमीन हड़पने समेत अन्य आरोप हैं।

वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। ईडी अधिकारियों पर हमला, महिलाओं का यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में जमीन हड़पने के इन तीन मामलों की जांच सीबीआई पहले से ही कर रही है।

**तेलंगाना फैक्ट्री धमाका** — घटनास्थल से हड्डियां, शरीर के जले अंग मिले; 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी

# तेलंगाना फैक्ट्री धमाका-मरने वालों का आंकड़ा 42 हुआ, 8 लापता



**हैदराबाद।** तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा 42 हो गया है। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक शव की पहचान डीएनए जांच से हुई है। 8 लोगों लापता हैं। हादसे से 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार और रविवार को घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले हैं। इनका डीएनए टेस्ट चल रहा है। यदि इनका मिलान होता है तो लापता लोगों की संख्या घट सकती है।

हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे।

मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 2 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख रुपए और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।

### धमाके से मजदूर कई मीटर दूर जा गिरे

एक मजदूर ने बताया कि वह 30 जून की सुबह 7 बजे नाइट शिफ्ट पूरी करके बाहर निकला था। सुबह की शिफ्ट का स्टाफ अंदर आ चुका था। धमाका करीब 8 बजे हुआ। शिफ्ट शुरू होने पर मोबाइल जमा हो जाता है, इस वजह अंदर काम कर रहे लोगों की कोई खबर नहीं मिल पाई।

एक मजदूर के परिवार की महिला ने बताया कि उनके परिवार के चार लोग फैक्ट्री में काम करते हैं। इनमें उनका बेटा, दामाद, जेठ और देवर शामिल हैं। इनमें से तीन सुबह की शिफ्ट में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है।

कंपनी के एक कर्मचारी ने बताया कि अधिकतर मजदूर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। एक शिफ्ट में 60 से ज्यादा मजदूर और 40 अन्य लोगों का स्टाफ काम करता है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 07 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# बुलडोज़र और बंगला : क्या दिल्ली सिर्फ अमीरों की है?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'गरीबों की झुग्गी पर चले बुलडोज़र, और रेखा गुप्ता के बंगले पर चला 60 लाख़ का रंग-रोगन – यही है नई दिल्ली का नया विकास मॉडल।'

दिल्ली, जहां संविधान की आत्मा बसती है, आजकल बुलडोज़र की गरज और वीवीआईपी बंगले की चमक के बीच उलझी हुई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बुलडोज़र गोविंदपुरी, तुग़लक़ाबाद, मजनूं का टीला जैसे इलाकों में गरीबों की बस्तियों पर दहाड़ रहा है — और उसी समय 'बंगला नंबर 1' को 'मायामहल' में बदलने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई से 60 लाख झोंके जा रहे हैं।

### क्या दिल्ली की विकास गाथा अब झुग्गियों को रौंदने और चांदनी से बंगले सजाने तक सीमित रह गई है?

सोचिए — झुग्गियों में रहने वाले वो मज़दूर, जो आपकी मेट्रो बनाते हैं, आपके घरों की दीवारें उठाते हैं, और आपके बच्चों के लिए पार्क साफ करते हैं — आज उनकी झोपड़ियों को 'अवैध' बता कर रौंदा जा रहा है।

उधर बंगले में 24 एसी, 4 के टीवी, झूमर और बाथरूम में 91,000 के गीजर फिट हो रहे हैं।

### क्या यह है सबका साथ, सबका विकास?

रेखा गुप्ता कहती हैं : 'जनता के लिए काम कर रहे हैं।'

लेकिन सवाल ये है : कौन-सी जनता ?

क्या बंगले की दीवारों के भीतर रहने वाले चंद 'जन' ही अब जनता हैं ?

जब चुनाव से पहले 'जहां झुग्गी, वहां मकान' का वादा किया गया था, तो अब क्यों बुलडोज़र वहीं चल रहा है ?

क्या वोट पाने के लिए झोपड़ियां गिनी जाती हैं, और सत्ता में आने के बाद उन्हें मिटा दिया जाता है ?

आप, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि यह सिर्फ दिखावा नहीं, बल्कि गरीब विरोधी एजेंडा है।

सोशल मीडिया पर जो दृश्य सामने आए हैं, उनमें छोटे-छोटे बच्चे मलबे से अपनी कॉपियाँ ढूंढ रहे हैं — और रेखा गुप्ता उसी वक्त 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' का फीता काट रही हैं।

### सवाल है - क्या ये संवेदना है या सियासी अभिनय?

मुख्यमंत्री का दावा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है — लेकिन दिल्ली की गलियों में अभी भी झोलाछाप डॉक्टर, टूटी सड़कें, और पानी की लाइनें चीख-चीख कर कुछ और कह रही हैं।

### देश बुलडोज़र से नहीं, इंसानियत से बनता है।

जब तक झुग्गियों में रहने वाला बच्चा भी यह कह सके कि मैं भी दिल्ली का हूँ, तब तक मुख्यमंत्री का बंगला चाहे जितना चमके, दिल्ली कभी रोशन नहीं कहलाएगी।

इसलिए आज सवाल सिर्फ रेखा गुप्ता से नहीं है — यह सवाल पूरे सिस्टम से है : क्या इस देश में गरीब होना अब अपराध है ?

# ठाकरे भाइयों ने अपने 'मिलन' के लिए महाराष्ट्र में समाज को भाषा के नाम पर बांट दिया

नीरज कुमार दुबे



दोनों चचेरे भाइयों ने साथ आकर महाराष्ट्र की राजनीति में एक नई शुरुआत भी कर दी है। महाराष्ट्र में अब तक राजनीतिक परिवारों को बंटते देखा गया लेकिन ठाकरे बंधुओं ने एक साथ आकर जो पहल की है क्या उसका विस्तार पवार परिवार तक भी होता है, अब इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी।

महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर भाषा की भावनाओं की लहरों में डोलती दिखाई दे रही है। मराठी अस्मिता के सवाल को फिर से केंद्र में लाते हुए शिवसेना (उद्धव गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने हिंदी भाषा को कथित रूप से 'थोपे जाने' के विरोध में एक समान सुर अपनाया है। यह घटनाक्रम न केवल राज्य की भाषाई राजनीति को गर्मा गया है, बल्कि वर्षों से एक-दूसरे के विरोध में खड़े ठाकरे बंधुओं को साझा राजनीतिक उद्देश्य के तहत साथ भी ले आया है।

वैसे राज ठाकरे और उनकी पार्टी की ओर से हिंदी भाषा का विरोध पहले भी होता रहा है। खासकर मुंबई जैसे महानगर में जहाँ हिंदी भाषी आबादी बड़ी संख्या में है, वहां मराठी भाषी समाज के मन में यह भाव डाला जा रहा है कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और भाषा को धीरे-धीरे हाशिये पर डाला जा रहा है। राज ठाकरे की मनसे ने पहले भी हिंदी भाषियों पर निशाना साधते हुए ऑटो रिक्शा चालकों और बहुभाषी दुकानों के खिलाफ अभियान चलाए हैं। वहीं शिवसेना की स्थापना ही 'मराठी मानुष' की राजनीति पर हुई थी, हालांकि बाद के वर्षों में वह राष्ट्रीय राजनीति और गठबंधनों में आगे बढ़ती चली गई। दोनों भाई दो दशक के बाद एक ही मंच से जिस तरह गरजे हैं उससे हिंदी भाषियों के मन में सुरक्षा को लेकर आशंकाएं उत्पन्न होना स्वाभाविक है इसलिए महाराष्ट्र सरकार को अब और ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है।

आज दोनों चचेरे भाइयों उद्धव और राज ने साथ आकर महाराष्ट्र की राजनीति में एक नई शुरुआत भी कर दी है। हम आपको बता दें कि महाराष्ट्र में अब तक राजनीतिक परिवारों को बंटते देखा गया लेकिन ठाकरे बंधुओं ने एक साथ आकर जो पहल की है क्या उसका विस्तार पवार परिवार तक भी होता है, अब इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। आज की रैली में उद्धव और राज ठाकरे ने अपने भाषण के जरिये वैसे तो कई बड़ी बातें कहीं लेकिन उन्हें हिम्मत करके कुछ जायज सवालों के जवाब भी देने चाहिए।

1. पहला सवाल यह है कि जिस हिंदी को संविधान में राजभाषा का दर्जा हासिल है उसके खिलाफ नफरत क्यों फैलाई जा रही है?

2. दूसरा सवाल यह है कि हिंदी सिनेमा उद्योग ने जिस मुम्बई को विशिष्ट पहचान दिलाई और जो हिंदी सिनेमा उद्योग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की तरह है वहां हिंदी का विरोध करना क्या दोहरा रवैया नहीं है? फिल्मों को हिंदी बेल्ट से कमाई चाहिए लेकिन उसी हिंदी बेल्ट का व्यक्ति यदि महाराष्ट्र में हिंदी बोले तो क्या उसकी बेल्ट से पिटाई की जायेगी?

3. तीसरा सवाल यह है कि छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर तमाम अन्य मराठा वीरों ने तो अपने साम्राज्य का उत्तर और दक्षिण तक विस्तार किया था लेकिन उद्धव और राज मराठियों को संकुचित दायरे में ही क्यों रखना चाहते हैं?

हिंदी विरोध के बहाने साथ आये उद्धव और राज को समझना चाहिए कि हिंदी वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह भारत की सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर का प्रतीक बन चुकी है। विदेशों में भी भारतीय, हिंदी को अपने मूल से जोड़ने वाली डोर मानते हैं।

हिंदी पर मराठी भाषा की जीत का उत्सव मना रहे उद्धव और राज को समझना चाहिए कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक पहचान का अभिन्न अंग है।

जन समर्थन खो चुके उद्धव और राज ठाकरे जैसे हिंदी विरोधियों को अपने मन की वह भ्रांति दूर कर लेनी चाहिए कि हिंदी कोई विरोधी भाषा है, उन्हें समझना चाहिए कि हिंदी तो एक सहयोगी भाषा है। यह कभी किसी पर थोपी नहीं जाती बल्कि अपनी उपयोगिता, पहुँच और आत्मीयता के बल पर यह जनमानस में रची-बसी है। हिंदी तो वह भाषा है जो भारत की भाषायी विविधता को बनाए रखते हुए अन्य भाषाओं के साथ बड़ी आसानी से समन्वय कर लेती है।

राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए साथ आये उद्धव और राज ठाकरे को समझना चाहिए कि हिंदी एक लचीली और समावेशी भाषा है जो अन्य भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करती है।

इसमें संस्कृत, उर्दू, फारसी, बंगाली, क्षेत्रीय बोलियों और यहां तक कि अंग्रेजी के शब्दों को भी आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है।

देश और समाज को जोड़ने वाले मुद्दों को उठा कर अपनी राजनीति आगे बढ़ाने की बजाय समाज को बांटने वाले मुद्दे उठा कर उद्धव और राज ठाकरे को समझना चाहिए कि हिंदी किसी को दबाने या हटाने की भाषा नहीं है, बल्कि यह जोड़ने की भाषा है। यह %विविधता में एकता% के भारतीय दर्शन को व्यवहार में उतारती है। उद्धव और राज ठाकरे को समझना चाहिए कि हिंदी भारत की आत्मा की आवाज़ है, यह उस किसान की बोली है, उस सैनिक का आदेश है, उस कवि की कल्पना है और उस आम आदमी का माध्यम है जो पूरे देश से जुड़ना चाहता है। इसे समझना, अपनाना और सम्मान देना ही असली भारतीयता है। आज जो लोग उद्धव और राज ठाकरे के एक साथ आने पर नृत्य कर रहे हैं उन्हें भी यह बात समझनी चाहिए कि चचेरे भाई तो आपस में जुड़ गये मगर आपको भाषा के नाम पर भड़का कर अपने पड़ोसियों और अपने सहयोगियों से अलग कर दिया।

बहरहाल, जहां तक उद्धव और राज ठाकरे के साथ आने की बात है तो आपको बता दें कि दोनों नेताओं का एक साथ आना महज भाषाई चिंता नहीं है, बल्कि इसमें एक गहरी राजनीतिक रणनीति छिपी हुई है। उद्धव ठाकरे बीजेपी से अलग होने और एकनाथ शिंदे की ओर से शिवसेना को विभाजित कर देने के बाद नए सिरे से अपनी असली शिवसेना की छवि को फिर से स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं राज ठाकरे को भी लंबे समय से राजनीतिक पुनर्जीवन की तलाश है और मराठी अस्मिता का मुद्दा उनके लिए सबसे सहज विकल्प है। देखा जाये तो दोनों के लिए हिंदी विरोध एक ऐसा मंच है, जहां वे एक बार फिर मराठी मतदाता के भावनात्मक जुड़ाव को सक्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं, खासकर मुंबई महानगर पालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए।


# आत्मनिर्भरता और सामूहिक समृद्धि का अभियान

आधुनिक भारत में सहकारिता अब केवल एक संगठनात्मक ढांचा नहीं रही, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और ग्राम आधारित आर्थिक शक्ति का वाहक बन चुकी है। हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि उस चेतना का उत्सव है जिसमें 'मैं' नहीं बल्कि 'हम' का भाव निहित है। यह वह चेतना है जो व्यक्ति की शक्ति को सामूहिक प्रयास में बदल देती है और समाज को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करती है। भारत में सहकारिता का विचार केवल आधुनिक विकास का उपकरण नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक परंपरा भी है, जिसकी जड़ें हमारे वेदों, पुराणों और ग्राम्य जीवन के नैतिक तंतुओं में गहराई तक फैली हुई हैं। आज, यही भावना आधुनिक सहकारी आंदोलन के रूप में देश के विकास और समृद्धि की आधारशिला बन चुकी है।

वर्ष 2025 के संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का थीम है 'सहकारिताएं एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं'। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे सहकारी मॉडल कई वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक आवश्यक समाधान है और 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लागू करने के प्रयासों को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखता है। इसका प्रमाण हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक सहकारी सम्मेलन में देखने को मिला, जहां 100 से अधिक देशों के लगभग 3,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वर्तमान समय में सहकारिता विविध क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। इसमें डेयरी, मत्स्य पालन, जैविक उत्पाद, बीज उत्पादन, खाद्यान्न भंडारण, ग्रामीण बैंकिंग और अब टैक्सी सेवा जैसी शहरी-ग्रामीण परिवहन सुविधाएं भी सम्मिलित हैं। वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना इसी दूरदर्शिता का परिणाम है। भारत में सहकारिता की नींव 1904 में पड़ी, जब औपनिवेशिक शासन ने सहकारी ऋण समितियों का अधिनियम लागू किया। आजादी के बाद सहकारिता ने एक जनांदोलन का रूप लिया। आज देश में लगभग 8.54 लाख समितियां पंजीकृत हैं, जिनमें से साढ़े पांच लाख के करीब सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। ये समितियां कृषि, दुग्ध-उत्पादन, बैंकिंग, आवास, श्रम, उपभोक्ता सेवा व स्वयं सहायता समूहों तक अनेक क्षेत्रों में फैली हैं। देश में 63,000 से अधिक प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने का कार्य चल रहा है। इससे ये समितियां सिर्फ कृषि ऋण तक सीमित न रहकर बहुउद्देश्यीय सेवा केंद्र के रूप में कार्य कर सकेंगी। किसानों के लिए सहकारिता जीवनरेखा है। देश के 86 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं, जिनके लिए व्यक्तिगत रूप से आधुनिक संसाधनों तक पहुंचना लगभग असंभव है। ऐसे में प्राथमिक कृषि साख समितियां उन्हें सस्ती दरों पर ऋण, बीज, खाद, उपकरण और विपणन की सुविधा देती हैं। भारत के कृषि ऋण वितरण में सहकारी संस्थाओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक है। श्वेत क्रांति की जननी बनी 'अमूल' जैसी सहकारी संस्थाएं इस बात का प्रमाण हैं कि संगठित किसान वैश्विक बाज़ार में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। सहकारिता ने समाज के उस वर्ग को नेतृत्व दिया है जिसे दशकों तक हाशिये पर रखा गया—महिलाओं को। महिला सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समूहों ने देश की लाखों महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया, बल्कि उन्हें सामाजिक निर्णयों में भागीदारी का अधिकार भी दिलाया। वर्तमान में 1.8 लाख से अधिक महिला सहकारी समितियां देश में कार्यरत हैं और 75 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में से अधिकांश महिलाओं द्वारा संचालित हैं। इन समूहों के माध्यम से ?1.5 लाख करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया जा चुका है, जिसने महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण, दस्तकारी, दुग्ध व्यवसाय और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाया है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3583



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो -3582 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- 'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूँ.'


□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3583



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3582



## सूडोकु -3583

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3582 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3583



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

शब्द पहेली -3582 का हल



# करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला संरक्षक बनें मुकेश कसाना



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कसाना स्थित करप्शन फ्री इंडिया संगठन के दफ्तर पर संगठन के (जिलाध्यक्ष युवा) गौरव भाटी के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई।

जिसमें बढ़ते हुए भ्रष्टाचार को रोकने एवं जन जागरूक अभियान चलाने हेतु चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्रेटर नोएडा निवासी मुकेश कसाना जी को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के तमाम विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है तीनों प्राधिकरणों में किसान अपनी समस्याओं के समाधान हेतु लंबे समय से चक्कर लगा रहे हैं तहसील परिसर में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि तीनों प्राधिकरण भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके हैं लोग इस भ्रष्टाचार से त्राहि त्राहिमाम हो रहे हैं। इस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए करप्शन फ्री इंडिया संगठन जिले में संगठन में मजबूत करते हुए गौतम बुद्ध नगर की जिला कार्यकारिणी में मुकेश कसाना जी को जिला संरक्षक एवं ठाकुर बृजपाल भाटी,दुलीचंद नागर को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

वही नवनिर्वाचित जिला संरक्षक मुकेश कसाना ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी ने दी है उसे पूर्णता ईमानदारी निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा और समाज एवं राष्ट्र के कल्याण हेतु कार्य करूंगा।

इस दौरान- शिवकुमार कसाना गौरव भाटी (जिलाध्यक्ष युवा) ब्रह्मपाल कपासिया तेजवीर चौहान कुलबीर भाटी रविंद्र सिंह पवन यादव नितिन कुमार जयचंद चौहान नरेश भाटी जितेंद्र आदि लोग मौजूद रहें।

# नोएडा में पुलिस मुठभेड़ : टप्पेबाज को लगी गोली



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की फेस-3 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख रुपए की ज्वैलरी बरामद की है।

पुलिस सेक्टर 61 कट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान शिवा उर्फ शिव कुमार उर्फ लखविंदर बावरिया के रूप में हुई है। वह पंजाब के लुधियाना का रहने वाला है।

फिलहाल दिल्ली के कृष्णा गंज में रहता है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक भी मिली है।

## शार्ट न्यूज

### बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई होगी

नोएडा। गौतमबुद्धनगर में बिना मान्यता संचालित निजी स्कूलों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की पहचान कर जांच कराएं और रिपोर्ट सौंपें। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) से कहा है कि वे ब्लॉकवार ऐसे स्कूलों का सत्यापन करें। यदि जांच में कोई विद्यालय बिना मान्यता संचालित होता पाया गया या एक मान्यता प्राप्त स्कूल के नाम पर दूसरी बिना अनुमति शाखा चलती मिली, तो खंड शिक्षा अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा।बेसिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई से संबद्ध सभी स्कूलों पर यह निर्देश समान रूप से लागू होंगे। बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद कराया जाएगा। एक मान्यता पर जिन विद्यालयों की दूसरी शाखाएं चलती पाई जाएंगी उन पर जुर्माना लगाते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूल मिलने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### समस्याओं को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बेसमेंट में लीकेज व अन्य सुविधाओं को लेकर बिल्डर कार्यालय में जाकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि बेसमेंट के करीब 84 पिलर में पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे पिलर और सोसाइटी की मजबूती कमजोर हो रही है। साथ ही लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। सोसाइटी में रहने वाले विकास कुमार ने बताया कि परिसर में हजारों परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर प्रबंधन द्वारा लोगों की सुरक्षा व सुविधा में कटौती की जा रही है। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के बेसमेंट में 84 पिलर में से पानी लगातार पिछले करीब एक महीने से निकल रहा है, जिसको लेकर लगातार बिल्डर प्रबंधन से शिकायत भी की जा रही है, लेकिन बिल्डर प्रबंधन लोगों की शिकायत को झूठा बताकर टाल देता है।जिससे लोग अधिक परेशान हैं। पिलर से लगातार हो रहे रिसाव के कारण बेसमेंट में जगह-जगह गंदा पानी एकत्रित हो गया है, जिसे लोगों को अपने वाहन तक जाने में परेशानी होती है।

### रखरखाव शुल्क में बढ़ोतरी पर लोगों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंशिया सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बिल्डर द्वारा रखरखाव शुल्क में 40 प्रतिशत वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, लोगों ने बिल्डर प्रबंधक कार्यालय का घेराव भी किया। आरोप है कि बिल्डर ने बिना निवासियों की सहमति या सूचित किए बगैर रखरखाव शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है, जो सरासर गलत है। आरोप है कि ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में बिल्डर द्वारा 60 पैसे प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से रखरखाव शुल्क में बढ़ोतरी की है। निवासी आशीष दुबे ने बताया कि सोसाइटी में आए दिन चोरी की घटनाएं आम हो चुकी हैं।सुरक्षा व्यवस्था एकदम लचर है और हाउसकीपिंग का स्टाफ भी पर्याप्त नहीं है। इतना ही नहीं सोसाइटी में अब तक क्लब हाउस भी नहीं बनाया गया है। लोगों का आरोप है कि हाउसकीपिंग स्टाफ की कमी होने के कारण सोसाइटी में जगह-जगह कचरा पड़ा रहता है, जिसको साफ नहीं किया जाता है। इसके साथ ही लावारिस कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा।

### एनकाउंटर में 2 बदमाशों के पैर में गोली मारी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लिंक रोड थाना पुलिस ने दो बदमाशों को एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों के पैर में गोली मारी है, दोनों के पास से एक बाइक एक तमंचा, 3 कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 18 जून को दोनों ने व व्यापारी की हत्या करने के इरादे से फायरिंग की थी। अमित किशोर जैन पुत्र वीरेन्द्र किशोर जैन निवासी रामप्रस्था कालोनी थाना लिंकरोड गाजियाबाद की हत्या के प्रयासमें दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इनमें अश्वनी उर्फ दिलावर निवासी अम्बेडकर नगर भूड थाना कोतवाली जिला बुलन्दशहर व अमित यादव निवासी शाहपुर बम्हैटा थाना वेवसिटी गाजियाबाद के नाम सामने आए थे। पुलिस द्वारा बाइक व मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए दो टीमें गठित की गई, अमित यादव द्वारा बाइक की बरामदगी के समय कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे खाली जगह पर थाना लिंक रोड पुलिस टीम के एक जवान की सर्विस रिवाल्वर को छीनकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।

### मुरादनगर में पशु व्यापारी के घर चोरी

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के रेवड़ी रेवड़ा गांव में चोरों ने पशु व्यापारी हृदय राम के घर से 4.35 लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। हृदय राम ने बताया कि उन्होंने हाल ही में पशु बेचकर यह रकम प्राप्त की थी। चोरी की वारदात रात में हुई, जब हृदय राम घर में सो रहे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर नकदी के साथ सोने की चेन, अंगूठी, हार और चूड़ी सहित कई आभूषण चुरा लिए। सुबह जागने पर हृदय राम ने कमरे का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम से जांच कराई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे एक सप्ताह पहले गांव सुराना में रामवीर यादव के घर से 40 लाख रुपए की चोरी हुई थी। वह मामला अभी तक नहीं सुलझा है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव ने बताया कि मुरादनगर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है।

### साहिबाबाद सब्जी मंडी रोड पर जलभराव

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की व्यस्त साहिबाबाद सब्जी मंडी रोड पर जलभराव ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है। इससे राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सड़क गाजियाबाद की प्रमुख व्यावसायिक सड़कों में से एक है। यहां से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। साइकिल और रिक्शा चालक भी परेशान हैं। नगर निगम ने न तो नालियों की सफाई करवाई है। न ही जलनिकासी की कोई व्यवस्था की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं। समय पर सफाई न होने से गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासी राकेश शर्मा ने बताया कि वे लगातार शिकायत करते हैं। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलता। नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। सफाई कर्मचारी कभी-कभार ही आते हैं। यह समस्या कई सालों से बनी हुई है। संबंधित विभागों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### मोहर्रम पर निकला ताजियों का जुलूस

**मोदीनगर।** मुरादनगर में रविवार को इमाम हुसैन की शहादत पर अंजुमन यादगारें हुसैनी के नौजवानों ने मातमी दस्ते के साथ ताजिये का जुलूस निकाला। पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच जुलूस परंपरागत मार्गों से होकर गुजरा। मोहर्रम हजरत इमाम हुसैन की याद में शोक के रूप में मनाया जाता है। कच्ची सराय हुसैनी चौक स्थित आजाखाने पर मजलिस का आयोजन किया गया। पहला ताजिया शान मियां जैदी, चांद मियां जैदी और जावेद जैदी के मकान से निकला। मातमी जुलूस अच्छन मियां हैदरी, करार हुसैन मिर्जा, मजहर हुसैन, परवेज खान, असीम मिर्जा और मास्टर जाहिद के इमामबाड़े से होते हुए आगे बढ़ा। वहीं से दूसरा और तीसरा ताजिया भी शामिल हुआ। अंसारी चौक और कोट दरवाजे पर मातमदारों ने छुरियों, जंजीरों और लोहे के ब्लेड से मातम किया। जुलूस मेन बाजार से होता हुआ मोहम्मद मुराद गाजी की दरगाह स्थित कर्बला पहुंचा। वहां रीति-रिवाज के साथ ताजियों को दफन किया गया। कार्यक्रम में अंजुमन यादगार हुसैनी के अध्यक्ष भूरे चौधरी, सपा नेता फारूक चौधरी, यूनुस पहलवान, नौशाद शेखजी, ताज चौधरी, प्रधान राशिद अली समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एमआईपी बाइक घोटाले में नया मोड़

**नोएडा से 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, 62 हजार में बाइक स्कीम का झांसा देकर ठगी**



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने एमआईपी बाइक घोटाले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 5 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी राजेंद्र सिंह को सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। राजेंद्र मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव कंपनी का प्रमोटर था। वह और उसके साथी लोगों को आकर्षक बाइक स्कीम का लालच देते थे। स्कीम के तहत 62,100 रुपये जमा करने पर एक साल तक हर महीने 10,100 रुपये देने का वादा करते थे। साथ ही तुरंत 5,000 रुपये कमीशन भी देते थे। कंपनी ने इस तरह से कई लोगों को अपना शिकार बनाया। आरोपी के खातों में लाखों रुपये जमा हुए। इसके बाद कंपनी के सभी लोग पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने थाना सेक्टर-58 और अपराध शाखा की टीम को लगाया। लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से 6 जुलाई को आरोपी को पकड़ लिया गया।

# फर्जी महिला प्रोफाइल से युवक से 4.70 लाख की ठगी

**नोएडा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, मोबाइल और बाइक बरामद**

**नोएडा। वकार सैफी।** ठगों ने काल्पनिक नाम मानसी, संजू और नंदिनी की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक युवक को शादी झांसा दिया और विभिन्न बहानो से युवक से चार लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। जब युवक ने शादी की जिद्द तो दोनों ठग लड़की के भाई बनकर युवक के पास पहुंच गए उनकी बहन से गंदी बातें करने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये भी वसूल लिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने वादी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### खुद को बताया अविवाहित फिर शादी भेजा प्रस्ताव

बता दे कि शादी के सपने देखना एक युवक को समय भारी पड़ गया जब ठगों लड़की बनकर दोस्ती की और शादी का झांसा देकर 4 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी ने बताया कि वादी ने थाना सूरजपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने पहले सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्जी आईडी बनाई और विभिन्न नंबरों से उससे संपर्क करते हुए, पहले दोस्ती की जब नजदीकियां बढ़ी तो खुद को अविवाहित लड़की बताकर विवाह का प्रस्ताव किया।



फिर विभिन्न बहाने से जैसे मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट और शादी की तैयारियों के बहाने उससे 4 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। ठगों ने मानसी, संजू और नंदिनी की फर्जी आईडी बनाकर इस ठगी को अंजाम दिया. जब वादी ने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो ठग लड़कियों के भाई बनकर उसके पास पहुंचे और अपनी बहनों को प्रताड़ित करने गंदी बातें करने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये भी वसूल लिए।

एडीसीपी ने बताया कि वादी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से डाटा इकट्ठा किया और टेक्निकल एविडेंस और सर्विलेंस के माध्यम से दो युवकों अमित उर्फ आरव और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया दो मोबाइल फोन और एक पल्सर गाड़ी भी बरामद की है। पुलिस इनके अपराधिक इतिहास की जानकारी हासिल करने में जुटी है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

**दो बदमाश घायल, एक गिरफ्तार; चोरी की कार और तमंचे बरामद**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा, जिनमें से दो को पैर में गोली लगी।

घटना ओमेक्स गोलचक्कर ओमीक्रोन-3 की है। पुलिस चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान ओमीक्रोन-2 की तरफ से एक बिना नंबर की महरूम रंग की किया सोनेट आई। पुलिस ने रोका तो कार सवार बदमाश फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भाग गए।

जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हुए। इनकी पहचान महोबा के भारत सिंह (22) और मेरठ के आदेश कुमार (22) के रूप में हुई। तीसरे बदमाश कुनाल (21) को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया। वह बुलंदशहर का रहने वाला है। बदमाशों से थाना बिसरख से चोरी की गई कार, सूरजपुर के डेल्टा-2 से चोरी की गई टोटियां और अन्य सामान बरामद हुआ।

इनके पास से 6000 रुपये, तीन तमंचे .315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस भी मिले। घायल बदमाशों को अस्पताल भेजा गया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए जबकि एक को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया ।इन बदमाशों पर एक दर्जन से ज्यादा लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज है, यह बड़े ही शातिर किस्म के बदमाश है।

# मोहर्रम पर जेवर में निकला ताजिया जुलूस



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में रविवार को मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में कस्बा और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जुलूस का आरंभ बिहारीलाल चौक से हुआ। यह लंबा बाजार और टीन का बाजार होते हुए दीनदयाल चौराहा से पटपडा तक पहुंचा। तजियादारों ने जंजीर, लाठी और अन्य उपकरणों से अपनी कला दिखाई। श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में हलुआ और हलीम बांटा गया। सुरक्षा के मद्देनजर जेवर कोतवाली पुलिस के साथ अतिरिक्त बल मौजूद रहा। जेवर, रबूपुरा और दनकौर थाना क्षेत्र में पुलिस अलर्ट पर रही। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र का नियमित निरीक्षण किया।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के सलारपुर गांव में रविवार को भाजपा दनकौर मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई।

कार्यक्रम सुभाष नागर के निवास पर हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने डॉ मुखर्जी के विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी का मुख्य उद्देश्य देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान की स्थापना था।

मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिदास शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में मांगेराम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में हरपाल सिंह, अमित नागर, प्रताप नागर, श्रीपाल सिंह, नानक शर्मा, लता बंसल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजमल बीडीएस, करण सिंह, संतराम नेताजी, लीलू नागर और करतार सिंह भी उपस्थित थे।

रामपाल नागर, हरिदत्त शर्मा, प्रमोद नागर, किरणपाल, सतीश नागर, मुकेश नागर और सुनील भाटी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### मंदिर से लौट रहे युवक को रोका: बिना वजह गाली देने का विरोध किया तो 4 लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक और उसके दोस्त को 4 लोगों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना गांव फलैदा की है। पीड़ित राधे अपने दोस्त बबली के साथ मथुरा के शनि देव मंदिर से लौट रहा था। इसी दौरान गांव के नितिन, कालू, प्रशांत और राकेश ने राधे को बिना किसी कारण गालियां देनी शुरू कर दीं। राधे ने जब इसका विरोध किया तो चारों ने उस पर लाठी-डंडों और लोहे के कड़े से हमला कर दिया। बबली ने जब अपने दोस्त को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी नहीं छोड़ा। दोनों को पीटने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी

**नोएडा पुलिस ने मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी को पकड़ा, फर्जी दस्तावेज बरामद**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी गली प्रेम कुमार संदीप को थाना सेक्टर-58 की पुलिस और साइबर टीम ने आइथम टॉवर, सेक्टर-62 के पास से पकड़ा। मामला तब सामने आया जब केरल के एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-58 में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर नोएडा के आइथम टॉवर में बुलाया। वहां आरोपी ने उनसे पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद धोखाधड़ी कर 84,000 रुपये और 1.80 लाख रुपये ठग लिए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है। वह सोशल मीडिया पर मर्चेंट नेवी में नौकरी के इच्छुक बेरोजगारों को अपना शिकार बनाता था। उसने 2022 में विशाखापट्टनम में एक फर्जी कंपनी रजिस्टर की थी। वह लोगों को दिल्ली-एनसीआर के होटलों में बुलाकर फर्जी जॉब एग्रीमेंट दिखाता और ठगी करता था। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी एयर टिकट, कूटरचित वर्क ऑर्डर, फर्जी गारंटी कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। थाना सेक्टर-58 में धारा 318(4), 316(2), 336(2), 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ सेक्टरवासियों ने प्रदर्शन किया

**सुबह पानी आने के समय बिजली कटौती से लोग अधिक होते हैं परेशान**

**नोएडा।** अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ रविवार को सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के नेतृत्व में सेक्टर के सैकड़ों लोगों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया। लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर सुबह पानी आने के समय बिजली कटौती का आरोप लगाते हुआ विरोध जताया। प्रधान संजय मावी के नेतृत्व में रविवार सुबह 10 बजे सेक्टर के 100 से अधिक लोग सामुदायिक केंद्र में एकत्रित हुए। यहां से सेक्टर-11 स्थित बिजली घर पर पहुंचे। लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऊर्जा निगम द्वारा रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। उस समय पर भी बिजली कटौती हो रही है, जब सुबह के समय पानी आने का समय होता है।उमस भरी गर्मी के समय रात में भी बिजली काट दी जाती है। लोगों का कहना है कि कई बार एसडीओ के आश्वासन के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। सेक्टर में तार बदलने का कार्य पूरा नहीं किया गया है, जबकि इसका पूरा होने दिखा दिया गया है। सेक्टर में बड़ी संख्या में खंभे जर्जर हालत में हैं। जो बदले गए हैं, वह भी पूर्ण नहीं किए गए हैं। कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है और बारिश के समय में दुर्घटना की अधिक संभावना है।

हाईटेंशन लाइन बदलने का कार्य तीन माह से धीमी गति से हो रहा है। बारिश में जो गड्ढे हुए हैं तार भूमिगत करने के लिए उनमें गाड़ियां फंस जाती हैं। दो पहिया वाहन सवार गिर जाते हैं।

### जिले के वुशू खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते

**ग्रेटर नोएडा।** जिले के तीन वुशू खिलाड़ियों ने जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप में एक स्वर्ण समेत पांच पदक जीतकर गौतमबुद्धनगर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन हैदराबाद में किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के 800 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव अजय शर्मा ने बताया कि जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के बुधम लामा ने नंदाओ स्पर्धा में स्वर्ण, नानक्वान स्पर्धा में रजत और नानगुन में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं आर्यमन शर्मा ने ताइजीजियन में कांस्य और प्रियांशु ने चौधरी ने भी सांडा कैटेगरी में कांस्य पदक जीता।आर्यमान शर्मा अपने पिता मंदीप शर्मा से खेल की बारीकियां सीखते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए इन खिलाड़ियों का चयन 9 से 12 मई तक मेरठ में हुई जूनियर राज्य वुशू चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर हुआ था।

# गाजीपुर में कार और बाइक की टक्कर, 4 लोगो की मौत

## 100 मीटर घिसटती गई बाइक, मरने वालों में 2 साल की बच्ची भी

**गाजीपुर।** गाजीपुर में रविवार को कार और बाइक की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद दो लोग उछल कर काफी दूर गिरे। चीख-पुकार मच गई। कार के अगले हिस्से में बाइक फंसने से वह 100 मीटर घिसटती गई। हादसे में कार औ बाइक के परखच्चे उड़ गए।



हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गया। पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा जंगीपुर थाना क्षेत्र के चौकिया मोड़ के पास हुआ।

बलिया निवासी संजीत पाल अपनी बाइक पर कुंती पाल, अस्मिता पाल और चंद्र ज्योति को लेकर जा रहे थे। चौकिया कट के पास हाईवे पर चढ़ते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में 26 साल के संजीत पाल, 2 साल की अस्मिता पाल और 30 साल की चंद्र ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 50 साल की कुंती पाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर एक युवक, दो महिला व एक बच्ची सवार थी।

वह मऊ के वनदेवी दर्शन कर लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर स्थित रसूलपुर गांव के पास बनाए गए कट के पास वाराणसी की तरफ आ रही तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक में टक्कर मार दी।

# यूपी में माध्यमिक शिक्षक करेंगे बड़ा आंदोलन

**लखनऊ।** यूपी के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक अब बड़ा प्रदर्शन करने जा रहा है। शिक्षकों में ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से हुए तबादले को लेकर जबरदस्त नाराजगी है। ऐसे में अब सभी 75 जिलों में धरना और प्रदर्शन होगा। सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ 31 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर माध्यमिक शिक्षक धरना और प्रदर्शन करेगें। इस निर्णय रविवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) की दारुलशफ़ा बी ब्लॉक में हुई राज्य परिषद की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, दो हजार बचे शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने, 2300 तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान और नियमितीकरण नहीं किया गया है। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है।

# बरेली : चाची ने प्रेमी के साथ मिलकर भतीजे को मार डाला

**बरेली।** बरेली में चाची ने प्रेमी के साथ मिलकर भतीजे की हत्या कर दी। शनिवार देर शाम चाची का भतीजे की पत्नी के साथ जमीन को लेकर कहासुनी हुई। इसी बीच भतीजा पहुंचा और पत्नी की तरफ झगड़ा करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि चाची गुस्से में कमरे के अंदर से चाकू लेकर आ गई। भतीजे की पत्नी के सामने उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। फिर प्रेमी ने भी चाकू से हमला किया। वारदात के चाची और उसका प्रेमी फरार हो गए। इसके बाद घरवालों युवक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि पत्नी युवक को गोद में लेकर बैठी है। वह रो रही है और युवक बेसुध है। उसके सीने से खून निकल रहा है, जिसे रोकने के लिए पत्नी ने कपड़े से दबाकर रखा है। आसपास के लोग कह रहे हैं- जल्दी अस्पताल लेकर चलो। घटना भुता थाना क्षेत्र के म्यूड़ी कला गांव की है। पुलिस ने शनिवार देर रात आरोपी चाची, उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभी आरोपी महिला का पति फरार है।

### अब पढ़िए पूरा मामला

भुता थाना क्षेत्र के म्यूड़ी कला गांव में उमाकांत (भतीजा) और चरन सिंह (चाचा) अपने परिवार के साथ रहते हैं। उमाकांत जरीदोजी का काम करता था। उमाकांत की पत्नी कांती देवी ने बताया- शनिवार रात 7 बजे जमीन पर निर्माण को लेकर चाची अनीता से कहासुनी हो गई। तभी मेरे पति उमाकांत भी आ गए। उन्होंने मेरे पक्ष में बोलना शुरू कर दिया। इससे चाची अनीता नाराज हो गई।

कांती देवी ने बताया- अनीता गुस्से में कमरे से चाकू लेकर आई और पति पर हमला कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के कुंडा थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में काम करने वाले मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा किया। मृतक की पहचान मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिछलहला साहूमई गांव निवासी मिठाई लाल पटेल के बेटे वंशीलाल पटेल के रूप में हुई। शनिवार को वंशीलाल कुंडा के मवई रेलवे फाटक के पास स्थित एक निजी अस्पताल में काम कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। उसे तुरंत प्रयागराज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम करीब 8 बजे जब शव कुंडा पहुंचा, तो परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। वे मृतक का शव अस्पताल परिसर में ही दफनाने की बात करने लगे। पुलिस के समझाने पर वे लोग शव लेकर हाइवे की मकोइया मोड़ सर्विस लेन पर पहुंच गए और वहां प्रदर्शन करने लगे। सर्किल ऑफिसर अमरनाथ गुप्ता और जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ। ग्राम प्रधान विनोद कुमार पटेल ने बताया कि अस्पताल कर्मियों के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया जा रहा है।

### उन्नाव में महिला की संदिग्ध मौत

**पुरथ्यावां ( बांगरमऊ ), उन्नाव।** उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के नंदोली गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान खुशबू सिंह (23) के रूप में हुई है। वह इंद्र बहादुर सिंह के पुत्र अनुज सिंह की पत्नी थी। खुशबू रविवार शाम करीब 7: 30 बजे अपने घर के कमरे में साड़ी से फांसी पर लटकी मिली। घटना की सूचना परिजनों ने खुशबू के मायके और औरास पुलिस को दी। मृतका का मायका कोतवाली हसनगंज के अंतर्गत गढ़ी बहरौली में है। सूचना मिलने पर खुशबू के भाई पुलकित, मां सरोज सिंह और अन्य परिजन रात करीब 8: 30 बजे नंदौली गांव पहुंचे। परिजनों के अनुसार, खुशबू की शादी 8 दिसंबर 2023 को हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है। बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### गोरखपुर में निकले ताजियों के जुलूस

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मुहर्रम की दसवीं तारीख को रविवार को पूरे शहर में शहादत, सब्र और अकीदत का माहौल रहा। सुबह से देर रात तक ताजियों के जुलूस निकले। अकीदतमंदों ने कर्बला पहुंचकर ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किए और अमन-चैन की दुआ मांगी। शहर के अंधियारीबाग, रसूलपुर, शाहपुर, तुर्कमानपुर, गोरखनाथ, रहमतनगर, बक्शीपुर, अलीनगर, जाफरा बाजार, निजामपुर, मियां बाजार समेत कई मोहल्लों से ताजिए निकाले गए। छोटे ताजिए दिन में दफ्न किए गए, जबकि बड़े ताजिए रातभर सड़कों पर घूमते रहे। मुख्य जुलूस नखास चौक से होते हुए कर्बला तक पहुंचा। हर इमाम चौक, मस्जिद और घर में कुरआनख्वानी, फातिहा और दुआख्वानी हुई। रोजेदारों ने मगरिब की अजान पर रोजा खोला। शर्बत, मीठा चावल, खिचड़ा और बिरयानी अकीदतमंदों के बीच बांटे गए। गौसे आजम फाउंडेशन की ओर से रहमतनगर की सुन्नी बहादुरिया जामा मस्जिद में रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। समीर अली, मौलाना अली अहमद, फैज, अली गजनफर शाह समेत सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए।

### प्रयागराज में हरियाली का महाअभियान

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम 9 जुलाई को प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण अभियान में एक लाख पौधे लगाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के सभी नगर निकायों के साथ वर्चुअल बैठक की। प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने बैठक में भाग लिया। उन्होंने पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया। इस पहल से शहर में हरित आवरण बढ़ेगा और पर्यावरण संरक्षण को मदद मिलेगी। नगर निगम ने पौधरोपण के लिए शहर के पार्क, सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों को चिह्नित किया है। महापौर ने शहरवासियों से पौधे लगाने और उनकी देखरेख में सहयोग की अपील की। वेबिनार में नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव समेत कई अधिकारी शामिल हुए। पार्षद अमित सिंह बबलू, बबलू रघुवंशी, विवेक अग्रवाल, विवेक मिश्रा और हरीश केशरवानी भी मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। नगर निगम प्रशासन ने पौधों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का वादा किया है।

### प्रयागराज नगर निगम में नया सदन हॉल तैयार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित नगर निगम परिसर में नव निर्मित सदन हॉल का महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने हॉल की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव और क्षेत्रीय पार्षद मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को हॉल में सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इससे पार्षदों और निगम कर्मचारियों को बेहतर कामकाजी माहौल मिलेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नए सदन हॉल से निगम के कार्यों में तेजी आएगी। बैठकों के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव के अनुसार, हॉल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इससे नगर निगम के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत होगी। निरीक्षण के दौरान हॉल की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं की समीक्षा की गई। नए सदन हॉल से पार्षदों और अधिकारियों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिलेगा। यहां निगम से जुड़े मुद्दों पर कुशलता से चर्चा और निर्णय लिया जा सकेगा।

### अयोध्या में विवाहिता की मौत

**बीकापुर, अयोध्या।** बीकापुर थाना क्षेत्र के असरेवा ग्राम पंचायत में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। रविवार को 20 वर्षीय निशा का शव उनके कमरे में पंखे से लटका मिला। निशा की शादी दिसंबर 2024 में हुई थी। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज के अनुसार मामले की जांच जारी है। उप निरीक्षक फखरुद्दीन पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। मृतका के भाई राजेश कुमार (पुत्र जगराम, निवासी गवहन्ना, थाना इनायत नगर) ने ससुराल पक्ष के खिलाफ बीकापुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### कानपुर देहात में सर्राफा व्यापारी से लूट का खुलासा

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के भोगनीपुर में सर्राफा व्यापारी से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हुए हैं। पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। 3 जुलाई की रात अमरौधा निवासी व्यापारी सोमनाथ गुप्ता से लूट की घटना हुई थी। इस मामले में थाना भोगनीपुर में एफआईआर दर्ज की गई थी। 5 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। दो आरोपी कालपी से अमरौधा की तरफ आ रहे थे। पुलिस ने उदईपुर पानी टंकी के पास घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसमें कांस्टेबल संजय कुमार के हाथ में गोली लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों आरोपियों को पैर में गोली मारी। घायल आरोपियों की पहचान अमरौधा निवासी योगेश गुप्ता उर्फ भोला और हर्षित गौतम उर्फ राज के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से 2 तमंचे और 3 कारतूस बरामद किए। साथ ही 2.37 लाख रुपए नकद और 750 ग्राम चांदी के आभूषण भी मिले। आधार कार्ड और पासबुक भी बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि लूट का कुछ माल कालपी के मिर्जा मंडी निवासी अजय कोष्टा को बेचा गया था। पुलिस ने उसे भी 850 ग्राम चांदी के जेवरों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिसकर्मियों ने की महिला एसएचओ से बदसलूकी

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में 2 कॉन्स्टेबल ने महिला एसएचओ से बदसलूकी की। उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। एसएचओ सिविल ड्रेस में खुद को डॉक्टर को दिखाने आई थीं। तभी कॉन्स्टेबल ने उनकी गाड़ी के आगे पुलिस की गाड़ी लगा दी। जब महिला ने उनसे गाड़ी हटाने के लिए कहा तो दोनों बदसलूकी करने लगे। महिला ने दोनों कॉन्स्टेबल को बताया कि मैं महिला थाने की प्रभारी हूं। तब भी दोनों नहीं माने। दोनों ने कहा कि होगी थाना प्रभारी, जाओ कप्तान को फोन करके बता दो।

एएसपी से शिकायत के बाद दोनों कॉन्स्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसएसपी ने दोनों के खिलाफ जांच बैठा दी है। घटना के समय दोनों शराब के नशे में थे, मेडिकल में इसकी पुष्टि हुई है। मामला शनिवार देर रात का आवास विकास कॉलोनी के पास का है।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

रजनी वर्मा महिला थाने की प्रभारी हैं। दोनों कॉन्स्टेबल का नाम अनुज चौधरी और रूधन खोखर है। दोनों कोतवाली देहात की मंडी चौकी पर तैनात हैं। रजनी वर्मा ने बताया, मेरी तबीयत खराब है। मैं शनिवार को डॉक्टर के पास दवा लेने के लिए गई थी।

साथ में मेरा पेट भी था। मैं जब डॉक्टर को दिखाकर क्लिनिक से बाहर निकली तो मेरी गाड़ी के आगे 2 कॉन्स्टेबल गाड़ी लगाए खड़े थे। मैंने उनसे कहा- गाड़ी हटा लीजिए, लेकिन वो लोग नहीं माने। मुझे ही उल्टा सीधा बोलने लगे।

# मुरादाबाद में रेप के बाद लड़की ने दी जान

**5 दिन पहले किडनैप कर ले गया था, घर आते ही फंदे पर लटक गई**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में 17 साल की लड़की ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। उसका शव घर पर लटका मिला। लड़की को दूसरे समुदाय के युवक चांद ने बहला-फुसलाकर किडनैप कर लिया था। पुलिस ने चांद को गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया था। उसके बयान दर्ज करने के बाद परिवार वालों के हवाले कर दिया था।

शनिवार को लड़की की मां कहीं गई हुई थी, तभी उसने घर पर सुसाइड कर लिया। मौके पर पहुंची मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



घटना नागफनी थाना इलाके की है।

### अब जानिए पूरा मामला...

बंगलागांव चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के पति की मौत हो चुकी है। महिला ने 28 जून को नागफनी थाने में 17 साल की बेटी को बहला-फुसला कर किडनैप करने का केस दर्ज कराया था। नागफनी पुलिस टीम ने इस मामले में डिलारी के गांव फरीदपुर हाजी में रहने वाले चांद मोहम्मद को 2 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही लड़की को भी उसके पास से बरामद कर लिया था।

### पीड़िता ने बयान में रेप में होने की बात कही थी

पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और उसका बयान लिया, तो लड़की ने रेप होने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने अपहरण के मुकदमे में रेप और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाकर आरोपी चांद मोहम्मद को 2 जुलाई को ही जेल भेज दिया था। बाल कल्याण समिति के सामने पेश करने के बाद पुलिस ने लड़की को उसकी मां के हवाले कर दिया गया था। इसके बाद लड़की मां के साथ घर चली गई थी।

### दुपट्टे से घर पर लगाई फांसी

शनिवार सुबह लड़की की मां किसी काम से घर से बाहर गई थी। करीब 9.30 बजे वह लौट कर घर आई, तो बेटी कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी थी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गए। वो लोग लड़की को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मौत की पुष्टि

एसएचओ नागफनी सुनील कुमार की टीम ने मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराई गई। बाद में शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने बताया- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की है।

# मुरादाबाद में सरकारी टीचर की गोली मारकर हत्या

## गांव के बाहर मिली खून से लथपथ लाश, पास में पड़ी थी बाइक

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में प्राइमरी स्कूल के टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश रविवार सुबह गांव से कुछ दूर एक खेत में पड़ी मिली। पुलिस का कहना है कि हत्यारों ने टीचर को आंख में गोली मारी, जो उनके सिर को चीरते हुए पार निकल गई।

सूचना पर पहुंची बेटी और पत्नी शव देखकर बेहोश हो गई। लोगों ने उन्हें संभाला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। घटना बिलारी थाना क्षेत्र की है।

गांव रमपुरा के रहने वाले प्रवीण सिंह उर्फ सीटू प्राइमरी स्कूल में टीचर थे।



वह मूलरूप से थाना सोनकपुर के रमपुरा धतरारा गांव के रहने वाले थे। लेकिन पिछले 15 साल से पत्नी गुड्डो, बेटे अमन और बेटी दिव्यांशी के साथ चंदौसी के अशोकनगर मोहल्ले में रह रहे थे। उनके पास पैतृक गांव में करीब 15 बीघा कृषि जमीन है।

रविवार सुबह 9 बजे प्रवीण की लाश रामपुर से मुबारकपुर मार्ग पर पड़ी मिली। लाश के पास में ही उनकी बाइक भी पड़ी थी। रविवार सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों की नजर लाश पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### टीचर को आंख में गोली मारी

हत्यारों ने टीचर को आंख में गोली मारी, जो उनके सिर को चीरते हुए पार निकल गई। शव की पहचान होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की खबर सुनकर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंच गए। मां, पत्नी गुड्डो, बेटा अमन और बेटी दिव्यांशी बेसुध हो गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव और मोहल्ले में मातम का माहौल है।

पुलिस के अनुसार, मौके से टीचर का मोबाइल और 3100 रुपए बरामद हुए हैं। वहीं, परिजनों का कहना है कि प्रवीण की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। घटनास्थल चंदौसी के पास मुरादाबाद से करीब 40 किमी दूर है।

### 5 जुलाई की शाम से गायब थे

परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम प्रवीण बाइक लेकर घूमने निकले थे। इसके बाद वह लौट कर नहीं आए। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने बताया- हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और साफ होगी।

# ताजिया जुलूस में दो पक्षों में मारपीट और पथराव

**मकानों पर गुलाल फेंकने पर बवाल, सीओ और एसडीएम ने संभाले हालात**

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के शारदा नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में रविवार को ताजिया जुलूस के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने मकानों पर गुलाल फेंकना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के विरोध करने पर दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया।

सूचना मिलते ही सीओ सिटी, एसडीएम और थाना शारदा नगर प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस और पीएसी बटालियन को भी बुलाया गया। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

थाना शारदा नगर के एसएचओ बृजेश कुमार ने बताया कि बड़गांव में ताजिया जुलूस संवेदनशील माना जाता है। इसलिए पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पुलिस की तत्काल कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में आ गई। फिलहाल गांव में पीएसी तैनात कर दी गई है और हालात सामान्य हैं। रविवार को ताजिया जुलूस निकल गया है और सोमवार को ताजिया दफन किए जाएंगे।

# कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट करने वाले गिरफ्तार

**वीडियो कॉल करके ऐंठ थे 47 लाख, सुप्रीम कोर्ट के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कराने का झांसा दिया था**

**लखनऊ।** लखनऊ की साइबर पुलिस ने लेदर कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट कर 47 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने सीबीआई अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप लगाया था। इसके बाद जांच के नाम पर लाखों रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि रविन्द्र वर्मा लेदर का कारोबार करते हैं। उनके पास 26 जून को अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों में किया गया है। उनके खिलाफ अंधेरी ईस्ट, मुंबई थाने में एफआईआर दर्ज है।

इसके बाद कॉल फेक अंधेरी ईस्ट थाने ट्रांसफर हुआ। वॉट्सऐप वीडियो कॉल पर एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में उन्हें धमकाने लगा। बोला मनी लॉन्ड्रिंग केस में संलिप्त हो, जेल भेजा जाएगा। बचने के लिए एकांत कमरे में रहने, वीडियो कैमरे के सामने बैठने के लिए कहा गया। इस दौरान परिवार के किसी सदस्य को आने के लिए मना कर दिया गया।

जालसाजों ने बोला कि कोर्ट के आदेशानुसार 99 प्रतिशत संपत्ति सुप्रीम कोर्ट खाते में ट्रांसफर करने की बात कही गई। आरोपी ने फर्जी अरेस्ट वारंट एवं कोर्ट के सीजर ऑर्डर भेजकर धमकाया और 47 लाख की धोखाधड़ी कर ली। धोखाधड़ी की जानकारी होने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बालेश्वर ओडिशा निवासी रंजीत कुमार बेहेरा (27) पुत्र महेश्वर बेहेरा और क्योंझार ओडिशा निवासी जयंत कुमार साहू (33) पुत्र बैधर साहू को गिरफ्तार किया।

साइबर जालसाज पीड़ित का मोबाइल नंबर व आधार आईडी को अवैध गतिविधि मनी लॉन्ड्रिंग, एमडीएमए, टेररिस्ट कन्वर्जन में इस्तेमाल होने की बात कहकर गिरफ्तारी का डर दिखाते हैं। जालसाज खुद को पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई जैसे कानून प्रवर्तन अधिकारी बताते हैं। उन्हें यह विश्वास दिलाने में हेरफेर करते हैं कि उन्होंने कुछ गंभीर अपराध किया है।

# रायबरेली में शिवली चौराहे पर नाली में मिला शव

**रायबरेली।** रायबरेली में रविवार शाम को शिवगढ़ थाना क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नम्बर 1 दामोदर खेड़ा स्थित बांदा-बहराइच राज्य मार्ग के किनारे बनी नाली में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाली से शव को बाहर निकलवा कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बरजोर खेड़ा निवासी ज्ञानचंद उम्र 35 वर्ष जो राजगीर का काम करता था सुबह घर से निकला था दोबारा घर नहीं पहुंचा। जिसका शव शाम करीब साढ़े 6 बजे संदिग्ध परिस्थितियों नाली के अन्दर पड़ा था। जिसकी सूचना वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि मृतक नशे का आदी था, परिजन पीएम कराने को राजी नही हैं। रोती विलखती मृतक की मां गुलाबा ने बताया कि वह दूसरे के खेत में धान लगाने गई थी।

# निकला दसवीं मोहर्रम का जुलूस, कर्बला में सुपुर्दे खाक हुईं ताजिया

**ललितपुर।** रविवार को इमाम हुसैन व उनके जांनिसारों के इसाले सवाब के लिए इमाम चौकों व घरों में कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी हुई। अकीदतमंदों में लंगर बांटा गया। शाम को जिन्होंने दसवीं मोहर्रम का रोजा रखा था, उन्होंने मगरिब की अजान पर रोजा खोला।मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहीद-ए-आजम हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद करते ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ जहां, शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। नम आँखों के साथ अमन शान्ति व इंसानियत का पैगाम लेकर रविवार को ललितपुर शहर की सड़कों पर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। हुसैनी सदाओं में निकला मुहर्रम का जुलूस, सजी ताजियों व बुर्खो की मिशिल, फातिहा पढ़ कर माँगी मुरादें ललितपुर रविवार की शाम मोहर्रम की 10 वीं तारीख में सव की जुवाँ पर या हुसैन की सदाए। गम में डूबे इमाम हुसैन की चाहने वाले हर ओर जिक्र-ए-शहादत शहर की तंग



गलियों से लेकर करबला तक बुलन्द होती या हुसैन की सदाए। हर आँखें नम हर चेहरे पर इमाम हुसैन का गम कुछ ऐसा था मुहर्रम की तारीख 10 पर निकला जुलूस का नजारा ताजियादारों ने मातम कर खिराजे अकीदत पेश की। हल्के ठण्डे मौसम में ताजियाजदारों ने अपने अपने मुकाम से ताजिया घंटा घर के लिए निकले। इस दौरान जगह-जगह मातम किए गए और ताजियों व बुरोकों की मिशिल सजाई गई। यहाँ पहुचे जायरीनों ने ताजियों के पास फातिहा पढ़ी व मुरादें माँगी। सड़क के दोनों ओर खड़े सैकड़ों लोग नम आँखों से ताजिया की जियारत की आप को बताते चले के एक से बढ़कर एक ताजियों की खूबसूरती रही।नदीपुरा बब्बा वाले ताजिया में इस साल सबसे अधिक खूबसूरती नज़र आयी रोजा हजरत इमाम हुसैन की ताजिया में खूबसूरती,नज़र आयी। ललितपुर में सबसे अलग सलग खूबसूरती रही जिस में कारीगरी करते जनाव अय्यूब अली सादिक अली रफीक अली मौसम अली हैदर अली आदि के अलावा अन्य मौजूद रहे। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्ललाहो अलैह वसल्लम के नवासे शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन रजी. की शहादत में मुहर्रम शिद्दत के साथ मनाया गया। मुहर्रम पर्व पर शहर में ताजियों का जुलूस निकाला गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इटली में यौन दरिंदों पर सीधा वार: रेपिस्ट को मिलेगी 'केमिकल सजा', हो जाएंगे नपुंसक

**रोम एजेंसी।** इटली सरकार अब रेप और बच्चों से यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कड़ा कानून लाने जा रही है। इस कानून के तहत ऐसे अपराधियों को 'केमिकल कैस्ट्रेशन' की सजा दी जा सकेगी। यह एक दवा आधारित इलाज होता है। इसमें ऐसी दवाएं दी जाती हैं जो अपराधी का हवस का भूत यानि यौन इच्छा को बहुत कम कर देती हैं। यह इलाज पूरी तरह स्वैच्छिक यानी अपनी मर्जी से लिया जाएगा। यह वापस भी लिया जा सकता है यानी स्थायी नहीं होगा। अगर अपराधी यह इलाज स्वीकार करता है, तो उसे जेल की सजा में कुछ छूट दी जा सकती है। हाल के समय में इटली में कई बड़े यौन अपराध हुए हैं। खासकर बच्चों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले बढ़े हैं। इन मामलों के बाद लोगों में काफी गुस्सा है। प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार और लीग पार्टी इस प्रस्ताव का समर्थन कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे दोबारा अपराध होने से रोका जा सकेगा।कुछ विपक्षी नेता और मानवाधिकार संगठन इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह इंसानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि हर यौन अपराध सिर्फ यौन इच्छा की वजह से नहीं, बल्कि गुस्से और नियंत्रण की भावना से भी होते हैं। सरकार ने इस पर काम शुरू कर दिया है। एक समिति बनाई गई है जो इस कानून का ड्राफ्ट तैयार करेगी। फिर इसे संसद में बहस के बाद पास किया जाएगा। यह खबर सिर्फ जानकारी देने के लिए है। इसमें इस्तेमाल किए गए फोटो और वीडियो पर हमारा कोई हक नहीं है।

### अमेरिका में भीषण बाढ़ का कहर, समर कैंप से 23 लड़कियां लापता, परिजनों में मचा कोहराम

**न्यूयार्क एजेंसी।** दक्षिण–मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ के बाद एक 'समर कैंप से 20 से अधिक लड़कियां शुक्रवार को लापता हो गईं। चिंतित परिजनों ने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें साझा कर गुमशुदा लड़कियों के विषय में जानकारी देने की लोगों से अपील की है। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि टेक्सास हिल कंट्री में बारिश के कारण शुक्रवार को कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग लापता हो गए। बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में वर्षों से 'समर कैंप आयोजित किए जाते हैं जहां प्रतिवर्ष हजारों बच्चे आते हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि हंट इलाके में ग्वाडालूप नदी किनारे के 'मिस्टिक कैंप की 23 लड़कियां लापता हैं। बचाव दल नाव और हेलीकॉप्टर से उनकी तलाश कर रहे हैं। दर्जनों परिवारों ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें सूचना दी है कि उनकी बेटियों का अब तक पता नहीं चला है। वहीं ''कैंप मिस्टिक ने लड़कियों के परिजन को ईमेल कर कहा है कि जिनसे कैंप ने सीधे संपर्क नहीं किया है,उनकी बच्चियां सुरक्षित हैं।

### कनाडा जाने के लिए बैंक में कितना पैसा होना चाहिए और कौन-कौन से कागज़ात जरूरी हैं?

**टोरंटो एजेंसी।** अगर आप विदेश यात्रा का सपना देख रहे हैं, खासकर कनाडा जाने का, तो इसके लिए सबसे पहले आपके पास पासपोर्ट और वीज़ा होना ज़रूरी है। वीज़ा कई प्रकार के होते हैं, जैसे कि स्टूडेंट वीज़ा, टूरिस्ट वीज़ा, बिजनेस वीज़ा आदि। लेकिन वीज़ा अप्लाई करते समय कुछ ज़रूरी बातें ध्यान में रखना बहुत ज़रूरी है, खासकर बैंक बैलेंस को लेकर। कनाडा के वीज़ा के लिए आपके बैंक खाते में कम से कम 15 लाख रुपये होना ज़रूरी माना जाता है। ध्यान रहे कि यह रकम वीज़ा आवेदन के समय पहले से ही खाते में होनी चाहिए, न कि अचानक से जमा की गई हो। अगर वीज़ा अधिकारी को लगता है कि पैसे अचानक जमा किए गए हैं या खाते में कोई बड़ा लेन–देन हुआ है, तो वीज़ा रिजेक्ट भी हो सकता है। बैंक बैलेंस की ज़रूरत आपके वीज़ा के प्रकार, उसकी अवधि और आपके साथ कौन–कौन जा रहा है।

### ब्राजीलियन बट लिफ्ट सर्जरी ने ली एक और जान, अमेरिका में पुलिस अधिकारी की दर्दनाक मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** खूबसूरत और सबसे अलग दिखने की चाह कई बार लोगों की जान ले लेती है। ऐसा ही एक मामला अमेरिका से सामने आया है, जहां पर ब्राजीलियन बट लिफ्ट सर्जरी कराने के बाद अमेरिकी पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। सर्जरी के बाद 26 साल की वाइल्डेलिस रोजा को भयंकर दर्द की शिकायत हुई थी। महिला पुलिस अधिकारी की मौत उनके जन्मदिन के एक दिन बाद 23 मार्च हुई। इससे पहले 19 मार्च को उन्होंने साउथ फ्लोरिडा के प्रेस्टीज प्लास्टिक सर्जरी क्लिनिक में सर्जरी से पहले ब्लड की जांच कराई और फिर अगले दिन डॉक्टरों ने उनके शरीर के चारों ओर 12 अलग–अलग हिस्सों से फैट निकालकर नितंबों में इंजेक्ट किया। सर्जरी के लिए रोजा ने लगभग 6 लाख 41 हजार रुपये दिए। 22 मार्च को रोजा ने अपने परिजनों से बातचीत की और इस सर्जरी के बारे में बताया। उनकी बहन एनामिन वाजक्वेज ने कहा कि रोजा ने बताया था कि उन्हें कुछ परेशानी हो रही है। उनके जन्मदिन के दिन मैसेज भी किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके अलावा रोजा की मित्र ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि सर्जरी के बाद रोजा डॉक्टरों से मिलने के लिए गईं और उनसे भयंकर दर्द की शिकायत की।

# मोदी की यात्रा से चमका भारत-त्रिनिदाद रिश्ता, डिजिटल से लेकर दवा तक हुए 6 बड़े समझौते



**पोर्ट ऑफ़ स्पेन, एजेंसी।** भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद बिसेसर के बीच वार्ता के बाद बुनियादी ढांचे और औषधि समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल परिवर्तन, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), क्षमता निर्माण और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा मिला है।

मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो की ''ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों के प्रति त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मजबूत समर्थन व एकजुटता की सराहना की।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच दोस्ती को नयी गति मिली है। उन्होंने कहा, ''त्रिनिदाद एवं टोबैगो को धन्यवाद। यहां बिताए गए पल कभी नहीं भुलाए जा सकेंगे। हमने भारत-त्रिनिदाद एवं टोबैगो मैत्री को नयी गति दी है।

राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू, प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, सरकार और इस अद्भुत देश के लोगों के प्रति मेरा आभार। दोनों देशों के बीच छह समझौतों से भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच फार्माकोपिया, त्वरित प्रभाव परियोजनाओं, संस्कृति, खेल और कूटनीतिक प्रशिक्षण आदि क्षेत्रों में गहन सहयोग संभव होगा। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं, जिनमें कैरेबियाई देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई (भारत की विदेशी नागरिकता) कार्ड की पेशकश भी शामिल है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और बिसेसर ने 'ग्लोबल साउथ के देशों के बीच अधिक एकजुटता के लिए मिलकर काम करने तथा 'भारत-कैरिकॉम साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। 'कैरिकॉम (कैरेबियन समुदाय) 15 राष्ट्रों और पांच सहयोगी सदस्यों का एक क्षेत्रीय राजनीतिक और आर्थिक संघ है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया।

राष्ट्रपति कंगालू के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बैठक पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह गर्मजोशी से भरी बैठक थी तथा यह दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता की बानगी थी। मंत्रालय ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने इस वर्ष प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्राप्त करने पर राष्ट्रपति कंगालू को बधाई दी और उनकी विशिष्ट सार्वजनिक सेवा के लिए गहरी सराहना की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिसेसर को भारत आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कैरेबियाई देश की संसद को संबोधित किया और दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''दोनों देशों के बीच संबंधों में स्वाभाविक गर्मजोशी है। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के सबसे उत्साही प्रशंसकों में से भारतीय हैं! हम पूरे दिल से उनका उत्साहवर्धन करते हैं, सिवाय इसके कि जब वे भारत के खिलाफ खेल रहे हों।

मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की विकास यात्रा में भारतीय मूल के लोगों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''राजनीति से लेकर कविता तक, क्रिकेट से लेकर वाणिज्य तक, कैलिप्सो से लेकर चटनी तक, वे हर क्षेत्र में योगदान देते हैं। वे उस जीवंत विविधता का अभिन्न अंग हैं जिसका आप सभी सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा, ''आपने मिलकर एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण किया है जो अपने आदर्श वाक्य पर चलता है- 'हम साथ मिलकर आकांक्षा रखते हैं, हम साथ मिलकर हासिल करते हैं। भारत तथा त्रिनिदाद और टोबैगो ने 31 अगस्त 1962 को राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। उसी वर्ष इस कैरेबियाई राष्ट्र को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी।

### अमेरिका में वन बिग ब्यूटीफुल बिल बना कानून, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किए हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया बड़ा आर्थिक कानून वन बिग ब्यूटीफुल पास किया है। उन्होंने 4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर व्हाइट हाउस में एक पिकनिक समारोह के दौरान इस बिल पर हस्ताक्षर किए। अब यह बिल कानून बन चुका है।सरकार का दावा है कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तेज़ी मिलेगी, मिडिल क्लास को फायदा होगा, और छोटे व्यापारों को बढ़ावा मिलेगा।

#### कैसे बना यह कानून?

यह बिल पहले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (अमेरिकी संसद का निचला सदन) में पेश हुआ, जहाँ इसे 218-214 वोटों से पास किया गया।

#### ट्रंप ने क्या कहा?

व्हाइट हाउस के लॉन में आयोजित पिकनिक में ट्रंप ने कहा- यह कानून अमेरिकी परिवारों और बिज़नेस के लिए एक नई शुरुआत है। टैक्स कम होंगे, खर्च नियंत्रित होंगे, और अमेरिका की अर्थव्यवस्था पहले से भी ज्यादा मज़बूत होगी।उन्होंने दावा किया कि- यह अब तक की सबसे बड़ी टैक्स कटौती है सबसे बड़ा सरकारी खर्च कम किया गया है अमेरिकी इतिहास में सबसे ज़्यादा सीमा सुरक्षा पर निवेश किया गया है ट्रंप ने यह भी कहा, मैंने पहले कभी लोगों को इतना खुश नहीं देखा। सैनिकों से लेकर आम नागरिक तक सभी को अब ज़्यादा सुरक्षा और स्थिरता महसूस हो रही है।

#### लेकिन क्यों हो रहा है विरोध?

हालांकि ट्रंप और उनके सहयोगी इसे बड़ी जीत बता रहे हैं, लेकिन बहुत से जानकार और विपक्षी नेता इस कानून पर सवाल उठा रहे हैं।

#### रिकॉर्ड विरोध भाषण-

हाउस में डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफ्रीज़ ने इस बिल का विरोध करते हुए लगातार 8 घंटे 46 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने इसे अमीरों का तोहफा और गरीबों की सजा

### पुतिन के हाइपरसोनिक मिसाइल हमले के बाद यूक्रेन का काउंटर अटैक, रूस के मिलिट्री एअरफील्ड को बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने रूस पर पलटवार करते हुए शनिवार (05 जुलाई, 2025) को उसके मिलिट्री एअरफील्ड पर हमला किया। इस बात की जानकारी यूक्रेन की सेना ने सोशल मीडिया के जरिए दी।

यूक्रेनी सेना ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के विशेष बलों ने शनिवार को वोरोनिश क्षेत्र में रूस के बोरिसोग्लबस्क सैन्य हवाई क्षेत्र पर हमला किया, जिसमें ग्लाइडर बम स्टोर और एक ट्रेनर एअरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। सेना ने आगे कहा कि अन्य विमानों पर भी हमला होने की संभावना है।

हालांकि सेना ने इसकी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। वहीं, रूस ने सबसे बड़ा हवाई हमला करते हुए ड्रोन और मिसाइलों से रात भर यूक्रेन को निशाना बनाया। इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई और एक बच्चे समेत कम से कम 26 लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि कीव में सात घंटे तक चली बमबारी से राजधानी के कई जिलों में भारी नुकसान हुआ है।रात के समय आसमान में धमाकों की रोशनी फैल गई और हवाई हमले के सायरन की आवाजें पूरे शहर में गूंजने लगीं। आपातकालीन वाहनों की नीली रोशनी ऊंची इमारतों पर पड़ रही थी और मलबे ने शहर की सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था।

# बच्चा पैदा करो, सरकार से पाओ 1.26 लाख!

**बीजिंग एजेंसी।** चीन इन दिनों एक गंभीर जनसांख्यिकीय संकट से गुजर रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का खिताब गंवा चुका यह देश अब घटती जनसंख्या को थामने के लिए हर मुमकिन कोशिश में जुटा है। बच्चों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अब चीनी सरकार ने एक नई योजना का ऐलान किया है, जिसमें माता-पिता को आर्थिक सहायता दी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि इस कदम से परिवारों को संतानोत्पत्ति के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

नई स्कीम में क्या मिलेगा?

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन सरकार 1 जनवरी 2025 से जन्म लेने वाले हर बच्चे के लिए माता को तीन साल तक हर साल 3,600 युआन (करीब ?42,000) की आर्थिक मदद देगी। इस तरह कुल सहायता राशि करीब ?1.26 लाख होगी। हालांकि, इस योजना की आधिकारिक पुष्टि अब तक स्टेट काउंसिल इंफॉर्मेशन ऑफिस द्वारा नहीं की गई है।

इसके अलावा, स्थानीय सरकारें भी अपनी-अपनी योजनाएं लेकर सामने आ रही



हैं। उदाहरण के तौर पर, इनर मंगोलिया के होहोट शहर में दूसरे बच्चे पर 50,000 युआन और तीसरे बच्चे पर 1 लाख युआन की पेशकश की जा रही है।

**जनसंख्या में लगातार गिरावट :** रॉयटर्स की रिपोर्ट बताती है कि 2024 में चीन की जनसंख्या 1.409 बिलियन से घटकर 1.408 बिलियन रह गई है। 2022 में चीन की जनसंख्या में 60 वर्षों बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई थी, और यह सिलसिला अब भी जारी है।

चीन में एक समय लागू रही कुख्यात वन चाइल्ड पॉलिसी को अब थ्री-चाइल्ड पॉलिसी से बदल दिया गया है, लेकिन इसका असर अपेक्षित नहीं रहा। परिवारों को बड़ी चिंता इस बात की है कि बढ़ती महंगाई और जीवनशैली के खर्चों के बीच वे बच्चों का लालन-पालन कैसे करेंगे।

हाल ही में चीन में 1.44 लाख माता-पिता पर किए गए एक सर्वे में सामने आया कि केवल 15त्न लोग ही ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए इच्छुक हैं। जब इन्हें आर्थिक मदद के तौर पर 1,000 युआन की पेशकश की गई, तब भी यह आंकड़ा 8.5त्न ही बढ़ा। यानी, सरकार की आर्थिक सहायता से कुछ असर जरूर दिख रहा है, लेकिन यह बेहद सीमित है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या का हल केवल आर्थिक सहायता से नहीं निकल सकता। इसके लिए दीर्घकालिक सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव ज़रूरी हैं।

गिरती जनसंख्या दर की चुनौती केवल चीन तक सीमित नहीं है। दक्षिण कोरिया में एक साल से कम उम्र के बच्चों वाले परिवारों को मासिक सब्सिडी 700,000 से बढ़ाकर 1 मिलियन चक्र्ङ्ग कर दी गई, जिससे पहली बार 3.1त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं जापान में सरकार ने चाइल्ड केयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 2005 से हजारों डे-केयर सेंटर शुरू किए, जिससे प्रजनन दर में मामूली सुधार देखा गया।

## चैटजीपीटी ने दिखाया रास्ता... पलक झपकते ही बदल दी जिंदगी! महिला ने चुकाया 20 लाख का लोन

**वाशिंगटन एजेंसी।** आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ तकनीकी दुनिया में बदलाव नहीं ला रहा, बल्कि आम लोगों की ज़िंदगी में भी बड़ा फर्क डाल रहा है। अमेरिका की रहने वाली 35 साल की जेनिफर एलन इसकी एक सच्ची मिसाल हैं। उन्होंने एआई टूल चैटजीपीटी की मदद से करीब 20 लाख रुपये (25,000 डॉलर से ज़्यादा) का क्रेडिट कार्ड कर्ज चुकाया।

**पेशे से रियल एस्टेट एजेंट, पर फाइनेंशियल समझ की कमी :** जेनिफर पेशे से रियल एस्टेट एजेंट और साथ ही कंटेंट क्रिएटर भी हैं। आमदनी अच्छी थी, लेकिन फाइनेंशियल लिटरेसी यानी पैसों की समझ की कमी उन्हें धीरे-धीरे मुसीबत में ले आई। जब उनकी बेटी का जन्म हुआ, तो मेडिकल खर्च और बच्चों की ज़रूरतें बढ़ गईं। ऐसे में उन्हें बार-बार क्रेडिट कार्ड का सहारा लेना पड़ा। वे बताती हैं कि उन्होंने कोई फिजूलखर्ची नहीं की, सिर्फ ज़रूरी चीजों पर ही पैसे खर्च किए। लेकिन धीरे-धीरे कर्ज इतना बढ़ गया कि खुद भी डरने लगीं। एक दिन




जब चैटजीपीटी की सलाह पर उन्होंने अपने पुराने ब्रोकरेज अकाउंट्स की जांच की, तो उन्हें हैरानी हुई।

उन्हें वहां करीब 8.5 लाख रुपये (10,000 डॉलर से ज़्यादा) की रकम मिली जो उन्होंने पहले कभी निवेश की थी लेकिन भूल चुकी थीं। दूसरी तरफ, किराने के खर्च पर नियंत्रण रखकर उन्होंने 50 हजार रुपये से ज़्यादा की बचत भी की। इस तरह, सिर्फ 30 दिनों में वे करीब 10.3 लाख रुपये का कर्ज चुका सकीं, जो उनके कुल कर्ज का लगभग आधा था।

**पैसों से डरना छोड़ दिया, यही असली जीत है :** जेनिफर कहती हैं, ये किसी जादू की तरह नहीं था। मैंने रोज़ अपने हालात का सामना किया, अपनी गलतियों को समझा और उन्हें सुधारने की कोशिश की। मैंने पैसों से डरना छोड़ दिया, यही मेरी सबसे बड़ी जीत है। अब वे एक और 30 दिनों का फाइनेंशियल चैलेंज शुरू करने की तैयारी में हैं, ताकि बाकी का कर्ज भी उतारा जा सके।

दूसरों के लिए प्रेरणा बनीं जेनिफर : अमेरिका जैसे देश में जहां पर्सनल कर्ज लगातार बढ़ रहा है, वहां जेनिफर की कहानी लाखों लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है। उनका साफ़ संदेश है, शुरुआत करने के लिए परफेक्ट समय का इंतज़ार मत करो। सही जवाबों की तलाश में मत भागो। बस शुरुआत करो और अपनी स्थिति से भागना बंद करो।

## त्रिनिदाद एंड टोबैगो में बिना वीजा 90 दिन रह सकते हैं भारतीय

**चगवानस एजेंसी।** दुनियाभर में भारतीय पासपोर्ट की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। अब भारतीय नागरिक त्रिनिदाद एंड टोबैगो जैसे खूबसूरत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में बिना वीजा 90 दिन तक रह सकते हैं। यह सुविधा सिर्फ पर्यटन ही नहीं, बल्कि परिवार से मिलने या व्यावसायिक उद्देश्य के लिए यात्रा कर रहे भारतीयों पर भी लागू होती है।



यह सुविधा दर्शाती है कि भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के संबंध कितने मजबूत हैं, और यह भी दिलचस्प है कि इस देश की सत्ता के प्रमुख पदों पर भारतीय मूल के नेता मौजूद हैं।

**बिना वीजा के 90 दिन कैसे बिता सकते हैं? जानें नियम :** भारतीय नागरिक यदि घूमने, बिजनेस या परिवार से मिलने के लिए त्रिनिदाद एंड टोबैगो जाना चाहते हैं, तो उन्हें पहले से वीजा लेने की जरूरत नहीं है। वे वहां 90 दिनों तक रुक सकते हैं। हालांकि कुछ बुनियादी नियमों का पालन करना ज़रूरी है-

**त्रिनिदाद एंड टोबैगो- एक देश, दो द्वीप, अनगिनत अनुभव :** त्रिनिदाद एंड टोबैगो दो द्वीपों से मिलकर बना एक कैरेबियाई देश है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और विविधता के लिए मशहूर है।

**भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के गहरे संबंध :** इस कैरेबियाई देश में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी समुदाय है, जिनकी जड़ें 180 साल पुरानी हैं। यहां के बहुत से नागरिकों के पूर्वज 19वीं सदी में गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से आए थे। आज वे देश के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में त्रिनिदाद की यात्रा के दौरान इन संबंधों को साझा संस्कृति और भविष्य की साझेदारी बताया। इस दौरान भारत और त्रिनिदाद के बीच कई समझौते भी हुए।

## कमजोर पड़ रहा है हिजबुल्लाह? रणनीति बदलने से उठने लगे सवाल, इजरायल को कितना खतरा

**बेरुत, एजेंसी।** क्या हिजबुल्लाह कमजोर पड़ रहा है? क्या वह खुद को सीमित कर रहा है? यह सवाल उठा है हिजबुल्लाह की ताजा रणनीति के खुलासे के बाद। बताया जा रहा है कि इजरायल से युद्ध बाद ईरान समर्थित यह संगठन अपना शस्त्रागार कम करने पर विचार कर रहा है। इसके साथ-साथ वह सशस्त्र आंदोलन में अपनी भूमिका को सीमित करने पर भी विचार कर रहा है। जानकारी के मुताबिक इस बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, हालांकि इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इस तरह की चीजें दिखाती हैं लेबनान पर किस तरह का दबाव है। यह दबाव नवंबर के अंत में संघर्ष विराम के बाद से और ज्यादा बढ़ा है।

**आर्थिक परेशानियां भी बढ़ीं :** गौरतलब है कि इजरायली सेना लगातार हिजबुल्लाह



प्रभावित जगहों पर हमले करती है। इजरायल हिजबुल्लाह पर युद्धविराम के उल्लंघन का भी आरोप लगाते हैं। हालांकि हिजबुल्लाह इस बात का लगातार खंडन करता है। हिजबुल्लाह पिछले कुछ समय से गंभीर आर्थिक परेशानियों से भी जूझ रहा है। वहीं, अमेरिकी सेना लगातार इस चरमपंथी संगठन पर निरस्तीकरण का दबाव बनाए हुए है। हिजबुल्लाह की परेशानी पिछले साल उस वक्त बढ़ गई जब इजरायल ने इसके ऊपर हमले करके इसकी कमान को नष्ट कर दिया। इस हमले में हजारों हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए और उसका बहुत सारा हथियार भी नष्ट हो गया।

**सहयोगी भी हो रहे कमजोर :** 'सिर्फ इतना ही नहीं, हिजबुल्लाह का सीरियाई सहयोगी, बशर अल-असद, पिछले साल दिसंबर में सत्ताविहीन हो गया। इसके बाद इसकी हथियारों की सप्लाई प्रभावित हुई है। वहीं, ईरान खुद इजरायल के साथ युद्ध से उबरने की कोशिश में लगा हुआ है। ऐसे में वह हिजबुल्लाह की कितनी मदद कर पाएगा, यह कहना भी मुश्किल होगा। हिजबुल्लाह की अंदरूनी चर्चाओं की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहाकि समूह का अगला कदम क्या होगा, इसको लेकर गुप-चुप बातें चल रही हैं।

**मिडिल ईस्ट का अहम खिलाड़ी :** बता दें कि हिजबुल्लाह मिडिल ईस्ट में सैन्य अहमियत रखता है। उसके पास हजारों सैनिक, मिसाइलें और इजरायल पर हमले के लिए ड्रोन शामिल थे। पिछले साल मारे गए हसन नसरल्लाह के नेतृत्व में इसकी इसकी क्षेत्रीय अहमियत काफी ज्यादा थी। इसने सीरिया, इराक और यमन में अपने सहयोगियों को भी समर्थन दिया। इजरायल हिजबुल्लाह को अहम खतरा मानता रहा है। गाजा में 2023 के युद्ध में इसने फिलिस्तीनी संगठन हमास का सहयोग करते हुए हमला बोल दिया। तब इजरायल ने भी लेबनान को करारा जवाब दिया था।

# खत्म हुआ 58 सालों का सूखा, शुभमन गिल बने बर्मिंघम के बादशाह

नई दिल्ली। भारतीय युवा टेस्ट टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को जीतकर इतिहास रच दिया। 58 साल में पहली बार भारतीय टीम ने एजबेस्टन में कोई टेस्ट मैच जीता। जो काम पटौदी से लेकर धोनी-कोहली नहीं कर सके, उसे शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने कर दिखाया। एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड को 366 रन से मात देकर पांच मैच की टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। भारत ने इंग्लैंड को 608 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था। भारतीय गेंदबाजों के आगे बैजबॉल फेल हो गया। आकाश दीप ने दूसरी पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए।



### एजबेस्टन में भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट का रिजल्ट

जुलाई 1967 : इंग्लैंड 132 रन से जीता (कप्तान- मंसूर अली खान पटौदी)
जुलाई 1974 : इंग्लैंड पारी और 78 रन से जीता (कप्तान- अजित वाडेकर)
जुलाई 1979 : इंग्लैंड पारी और 83 रन से जीता (कप्तान- श्रीनिवास वेंकटराघवन)
जुलाई 1986 : मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ (कप्तान- कपिल देव)
जुलाई 1996 : इंग्लैंड 8 विकेट से जीता (कप्तान- मोहम्मद अजहरुद्दीन)
अगस्त 2011: इंग्लैंड पारी और 242 रन से जीता (कप्तान- एमएस धोनी)
अगस्त 2018: इंग्लैंड 31 रन से जीता (कप्तान- विराट कोहली)
जुलाई 2022 : इंग्लैंड 7 विकेट से जीता (कप्तान- जसप्रीत बुमराह)
जुलाई 2025 : भारत 366 रन से जीता (कप्तान- शुभमन गिल)

### टेस्ट मैच का हाल

टेस्ट मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बोर्ड पर लगाए। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की लाजवाब पारी खेली। इसके बाद सिराज ने 6 विकेट लेकर इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर ढेर कर दी और भारत को 180 रन की बढ़त मिली।दूसरी पारी भारत ने 6 विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित कर दी। एक बार फिर कप्तान गिल का बल्ला चला और उन्होंने 161 रन की पारी खेली। राहुल-पंत और जडेजा ने अर्धशतक बनाए। दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ ने अर्धशतक जड़ा। आकाश दीप ने 6 विकेट चटकाए।

# साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीता स्वर्ण पदक



**अस्ताना (एजेंसी)।** दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गयी। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।

# इस खिलाड़ी से मिली प्रेरणा, वैभव सूर्यवंशी बोले- अगले मैच में 200 बनाने की कोशिश करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए।

सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।' गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-



19 टीम भी एजबेस्टन में थी।

सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।' सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।'

# इंडिया हाउस में भारतीय महिला टीम हुआ सम्मान

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां के इंडिया हाउस में एक भव्य समारोह में सम्मान किया गया। इस समारोह में कप्तान हरमनप्रीत कौर और टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार सहित सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर दोरईस्वामी ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, 'खिलाड़ियों ने जिस प्रकार से यहां जीत दर्ज की है। उससे देश में खेलों के क्षेत्र में एक बढ़ा बदलाव आयेगा और युवा प्रतिभाओं



को प्रेरणा मिलेगी।'


उन्होंने कहा, 'आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं।' दोरईस्वामी ने कहा, 'जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं।' उन्होंने कहा, 'ये केवल हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हर शहर और हर प्रांत से निकल भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंची हैं।'

# सुनील गावस्कर का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं शुभमन गिल, 1971 से कामय है वर्चस्व

नई दिल्ली ।मौजूदा भारतीय कप्तान शुभमन गिल पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका वो रिकॉर्ड आज तक कायम है।कोई भी भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है।दूसरे नंबर पर भी गावस्कर ही हैं जिन्होंने 1978-79 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाए थे।तीसरे नंबर पर मौजूदा ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाए थे। रन मशीन विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014-15 की सीरीज में चार मैचों में 692 रन बनाए थे।गिल ने एजबस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 430 रन बनाए हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं, पहले नंबर पर ग्राहम गूच हैं जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ 456 रन बनाए थे।गिल ने इस इंग्लैंड दौरे पर पहले दो टेस्ट में 585 रन बनाए हैं, जो सीरीज के पहले दो टेस्ट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं।पहले नंबर पर ग्रीम स्मिथ हैं जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड में 621 रन बनाए थे।गिल अब बतौर कप्तान पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा।गिल दूसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले ऐसा 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाकर किया था।

# महिलाओं की 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नए विश्व रिकॉर्ड

यूजीन (अमेरिका)।कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया।चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था।कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।इस स्पर्धा में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन किपयेगोन ने 3:49.04 के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान बनाया था।



# टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाली पांचवी टीम बनी टीम इंडिया



बर्मिंघम ।शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कुल 1000 रन बनाकर एक नया रिकार्ड बनाया है।टीम इंडिया इसी के साथ ही एक टेस्ट मैच में 1000 से अधिक रन बनाने वाली दुनिया की 5वीं टीम बन गई है।पहले टेस्ट में जहां भारतीय टीम की ओर से पांच शतक लगे थे और उसने पांच सौ से अधिक रन बनाये थे।वहीं वहीं एजबेस्टन में जारी दूसरे टेस्ट की दोनो पारियों को कुल मिलाकर भारतीय टीम ने 1000 रन बनाये हैं।भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब एक मैच में ही टीम ने 1000 से अधिक रन बनाये हैं।इससे पहले भारतीय टीम ने सिडनी में साल 2004 में एक मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 916 रन बनाए थे।वहीं एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है।इंग्लैंड ने साल 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल 1121 रन बनाए थे।गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व क्रिकेट में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने दो बार एक टेस्ट मैच में 1000 से अधिक रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 1934 में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 1028 रन बनाए थे, वहीं 1969 में उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1013 रन बनाये थे। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ साल 2006 में एक मैच में कुल 1078 रन बनाए थे, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने साल 1939 में इंग्लैंड के खिलाफ 1011 रन बनाये थे।

# सुपरयूनाइटेड ब्लिट्ज़ - कार्लसन नें फिर दिखाया अपना दम , गुकेश जीत को तरसे

**जागरेब , क्रोशिया (एजेंसी)।** भारत के वर्तमान विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश के लिए ग्रांड चैस टूर के सुपरयूनाइटेड रैपिड में एकतरफा जीत के बाद भी शतरंज के सबसे फटाफट फॉमेंट ब्लिट्ज़ का रास्ता आसान नहीं माना जा रहा था और हुआ भी कुछ ऐसा ही,कल खेले गए सुपरयूनाइटेड ब्लिट्ज़ शतरंज के पहले दिन एक और जहां गुकेश जीत को भी तरस गए वहीं विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए अपराजित रहते हुए एकल बढ़त कायम कर ली है । गुकेश जो रैपिड में सिर्फ एक बार हारे थे ब्लिट्ज़ में कई अच्छी बाज़ियाँ समय की कमी के चलते हारते चले गए और उन्होने एकमात्र जीत फबियानों करूआना के खिलाफ दर्ज



की और एक ड्रॉ नीदरलैंड के अनीश गिरि के खिलाफ खेला वहीं मैगनस कार्लसन नें गुकेश को इस बार पराजित करते हुए रैपिड में अपनी हार का हिसाब बराबर कर दिया ।

ब्लिट्ज़ का पहला दिन कार्लसन के नाम रहा और उन्होने छह जीत और 3 ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और रैपिड और ब्लिट्ज़ दोनों को मिलाकर कुल 17.5 अंको के साथ पहले स्थान पर पहुँच गए । गुकेश दूसरे दिन अपने रैपिड के 14 अंको में 1.5 जोड़ पाये और 15.5 अंको के साथ वह तीसरे स्थान पर है जबकि रैपिड में 11 अंको के साथ दूसरे स्थान में रहने वाले डुड़ा 5 अंक जोड़ते हुए कुल 16 अंको के साथ दूसरे स्थान पर पहुँच गए है । भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें ब्लिट्ज़ के पहले दिन कोशिश तो की पर वह 4.5 अंक जोड़ते हुए कुल 13.5 अंको के साथ पांचवें स्थान पर पहुँच गए है ।

ग्रांड चैस टूर के आखिरी और पांचवें दिन अंतिम 9 ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जाएँगे और कुल 9 अंक दांव पर होंगे देखना होगा की क्या गुकेश अंतिम दिन वापसी करेंगे या फिर कार्लसन एक बार फिर यह खिताब अपने नाम कर लेंगे ।

# विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने नोवाक जोकोविच



लंदन ।नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की।उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे।जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, ''मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को लगा बड़ा झटका, विश्व कप के लिए स्वत: योग्यता खतरे में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की वनडे रैंकिंग में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज 2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए स्वतः योग्यता स्थानों से खिसक गई है जिससे मार्की टूर्नामेंट से एक बार फिर बाहर होने का जोखिम है। नई रैंकिंग श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में बांग्लादेश की जीत के बाद आई है, जहां उन्होंने कोलंबो में ताइजुल इस्लाम के शानदार पांच विकेट की बदौलत 248 रनों का बचाव किया जिससे तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। विजडन के अनुसार इस जीत ने बांग्लादेश को पुरुषों की वनडे टीम रैंकिंग में एक स्थान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंचा दिया।

हालांकि विश्व कप योग्यता के लिए कटऑफ तिथि से पहले विंडीज आवश्यक रैंकिंग में वापस आ सकता है। वेस्टइंडीज



अब 10वें स्थान पर खिसक गया है और 2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए स्वतः योग्यता स्थानों से बाहर है। टूर्नामेंट के 2027 संस्करण में 14 टीमें भाग लेंगी, जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे स्वतः ही मेजबान के रूप में क्वालीफाई कर लेंगे। तीसरे मेजबान नामीबिया को वही विशेषाधिकार नहीं मिलेगा क्योंकि वे टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले पूर्णकालिक आईसीसी सदस्य नहीं हैं।

शीर्ष आठ टीमें (मेजबान को छोड़कर) 31 मार्च 2027 को अपनी वनडे रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करेंगी। शेष चार स्थानों का निर्धारण 10 टीमों के क्वालीफायर टूर्नामेंट द्वारा किया जाएगा। वेस्टइंडीज क्वालीफायर खेलने से बचने का लक्ष्य रखेंगे, क्योंकि उन्होंने 2023 संस्करण के लिए भी ऐसा ही किया था और 1975 में अपनी स्थापना के बाद से अपना पहला विश्व कप गंवा दिया था। वह दो प्रतिष्ठित स्थानों के लिए नीदरलैंड और श्रीलंका से हार गए थे। नई द्धष्टष्ट ह्लष्ठद्ब रैंकिंग में श्रीलंका अपनी हार के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया और तीसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड दोनों के 109 रेटिंग अंक हैं।

# यशस्वी अपने दृष्टिबाधित प्रशंसक बच्चे से मिले, बल्ला उपहार में दिया

बर्मिंघम ।भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड दौरे में अपनी शानदार बल्लेबाजी के साथ ही अपने एक और काम से सभी का दिल जीता है। यशस्वी ने अपने एक दृष्टिबाधित प्रशंसक बच्चे से मुलाकता कर उसे अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला भी उपहार में दिया है।ये बच्चा यशस्वी का बड़ा प्रशंसक होने के साथ ही उसके मिलना चाहता थ। रवि नाम के इस बच्चे ने पहले टेस्ट के दौरान भी यशस्वी से मिलने का प्रयास किया था पर वह तब वह नहीं मिल पाया था। वहीं यहां के एजबेस्टन मैदान पर तब उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब उसकी ये इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से यशस्वी भी भावुक हो गये और उन्होंने इस बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।इसका एक विडियो भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर जारी किया है।इसमें यशस्वी ने रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई।मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं।साथ ही कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है मेरा बल्ला।मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें।आपसे मिलकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा।इस पर रवि ने कहा, 'आपसे मिलकर मुझे भी बहुत खुशी हुई।बहुत-बहुत धन्यवाद।आप शानदार क्रिकेटर है।आप भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं।मुझे आपकी बल्लेबाजी देखना पसंद है।यशस्वी ने बेहद कम समय के अंदर ही भारतीय टीम में अपनी जगह बनायी है।



# रोहित और कोहली की वनडे वापसी पर लगा ब्रेक, फैंस को करना होगा इंतजार

### -भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज 2025 टली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल बांग्लादेश दौरे पर नहीं जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त 2025 में प्रस्तावित सीमित ओवरों की सीरीज अब फिलहाल स्थगित कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जानकारी दी कि दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड की आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया है। नई सीरीज अब सितंबर 2026 तक के लिए टाल दी गई है। इस दौरे में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे।

सीरीज टलने से भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को उस वापसी का भी इंतजार करना पड़ेगा जिसका वे लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे क्रिकेट में वापसी। दोनों दिग्गज खिलाड़ी पहले ही टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ यह सीरीज उनके लिए एक तरह से वनडे क्रिकेट में पुनः दस्तक देने का मंच मानी जा रही थी।

बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि यह निर्णय दोनों टीमों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम और मौजूदा शेड्यूल की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी पुष्टि की है कि वह सितंबर 2026 में भारत की मेजबानी को लेकर उत्साहित है। इस सीरीज की नई तारीखों की घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी।

गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच यह सीरीज 17 अगस्त 2025 से शुरू होनी थी। तय कार्यक्रम के अनुसार टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे के समापन के बाद सीधे बांग्लादेश रवाना होना था, लेकिन अब उस योजना पर विराम लग गया है। फिलहाल भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है, जो 4 अगस्त को समाप्त होगी। सीरीज स्थगित होने से रोहित और विराट के प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है। विराट कोहली ने अपना आखिरी वनडे मार्च 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था और अब तक वे 302 वनडे मैचों में 14181 रन बना चुके हैं, जिसमें 51 शतक और 74 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं रोहित शर्मा ने 273 वनडे मैचों में 11168 रन बनाए हैं और उन्होंने भी अपना अंतिम वनडे न्यूजीलैंड के खिलाफ ही मार्च 2025 में खेला था।



# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने ईवाय को भेजा दूसरा कानूनी नोटिस

### कॉर्पोरेट विवाद का मामला

नई दिल्ली।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) और वैश्विक कंसल्टिंग फर्म अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाय) के बीच एक बड़ा कॉर्पोरेट विवाद खड़ा हो गया है। आकाश ने ईवाय पर पेशेवर आचार संहिता के उल्लंघन और हितों के टकराव का गंभीर आरोप लगाते हुए दूसरा कानूनी नोटिस भेजा है। आकाश का कहना है कि ईवाय एक ओर उनकी वित्तीय सलाहकार थी और दूसरी ओर उनके प्रतिद्वंदी एलेन के रियर इंस्टीट्यूट के लिए भी एक्सक्लूसिव फाइनेंशियल एडवाइजर और ऑफिशियल रिजल्ट वैलिडेटर के तौर पर कार्य कर रही थी। आकाश के अनुसार यह प्रोफेशनल एथिक्स का सीधा उल्लंघन है, क्योंकि ईवाय 2021 से उनके और बायजूस की पेरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के विलय सहित कई वित्तीय मामलों में गहराई से जुड़ी हुई थी। कंपनी ने ईवाय पर टीएलपीएल की इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया में रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने और बेंगलुरु एनसीएलटी में जानबूझकर आकाश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का भी आरोप लगाया है। आकाश के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पहले ईवाय के अजय शाह को नोटिस भेजा था, और अब अन्य सीनियर पार्टनर्स को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी सिविल और आपराधिक कार्रवाई पर विचार कर रही है।




# सेबी की बड़ी कार्रवाईः जेन स्ट्रीट के 4,844 करोड़ रुपए जब्त

### भारतीय बाजार में ट्रेडिंग से प्रतिबंधित भी किया

नई दिल्ली।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिकी हाई-फ्रिक्वेंसी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट और उसकी सहयोगी कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें भारतीय बाजार में ट्रेडिंग से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी के अनुसार इस फर्म ने बैंक निफ्टी इंडेक्स में हेराफेरी कर करीब 4,844 करोड़ रुपए का अनुचित लाभ कमाया। हाल ही में जारी 105 पन्नों के अंतरिम आदेश में इस राशि की जब्ती का निर्देश दिया गया है, जो सेबी के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। सेबी चेयरमैन ने कहा कि शेयर बाजार में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निगरानी व्यवस्था को पहले से ज्यादा मजबूत किया गया है। एक्सचेंज और सेबी दोनों स्तरों पर निगरानी टीमों की संख्या बढ़ाई गई है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सेबी की जांच में खुलासा हुआ है कि जेन स्ट्रीट ने भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक नियमों से बचने के लिए कई संस्थाएं बनाई थीं। वर्तमान आदेश केवल 18 दिनों की बैंक निफ्टी ट्रेडिंग और तीन एक्सपायरी दिनों की गतिविधियों पर आधारित है। अब सेबी अन्य एक्सपायरी दिनों और इंडेक्स जैसे निफ्टी 50 व बीएसई सेंसेक्स में भी संभावित गड़बड़ी की जांच कर रही है।



# जून 2025 में ह्यूदै क्रेटा ने बेचीं 15,786 यूनिट्स



नई दिल्ली।

जून 2025 में ह्यूदै क्रेटा ने 15,786 यूनिट्स की बिक्री के साथ भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ फिर साबित की है। 2015 में लॉन्च हुई क्रेटा ने अपने 10 साल पूरे करते हुए मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की पहचान ही बदल दी है। बाजार में इसकी लोकप्रियता इतनी गहरी है कि इस श्रेणी को लोग अब क्रेटा सेगमेंट कहने लगे हैं। ह्यूदै के मुताबिक, अब तक 12 लाख से ज्यादा भारतीय परिवार इसे अपना चुके हैं और जून 2025 के आंकड़े दिखाते हैं कि ग्राहक आज भी इसे उतना ही पसंद करते हैं। कंपनी ने इस उपलब्धि पर कहा कि क्रेटा सिर्फ एक कार नहीं बल्कि एक भावना है, जिसने ह्यूदै की भारत में सफलता की नींव रखी। क्रेटा को ह्यूदै ने हर वर्ग के ग्राहकों के लिए तैयार किया है। इसका 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन 115 बीएचपी और 144 एनएम का टॉर्क देता है, वहीं 1.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 160 बीएचपी और 253 एनएम की ताकत के साथ आता है। डीजल विकल्प में 1.5-लीटर इंजन 116 बीएचपी और 250 एनएम का टॉर्क देता है। स्पोर्टी ड्राइव चाहने वालों के लिए क्रेटा एन लाइन भी पेश की गई है। ह्यूदै ने इसके इलेक्ट्रिक अवतार की भी शुरुआत कर दी है, जिसमें 42 केडब्ल्यूएच और 51.4 केडब्ल्यूएच के दो बैटरी पैक हैं जो क्रमशः 390 किमी और 473 किमी की अनुमानित रेंज देते हैं।

# खाद्य तेल बाजार में हलचलः सरसों-सोया-मूंगफली के दाम बढ़े, पाम तेल स्थिर

### बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपए बढ़कर 6,925-6,975 प्रति क्विंटल पर बंद

नई दिल्ली।

बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला तेल के भाव में तेजी देखी गई, जबकि कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम पूर्ववत बने रहे। वैश्विक बाजार में खाने के तेलों की कीमतों में तेजी का असर भारत में सीमित रहा। बाजार सूत्रों के अनुसार सरसों की आवक कमजोर बनी हुई है, जबकि कच्ची घानी तेल मिलों की मांग तेज होती जा रही है। आगामी सरसों फसल आने में अभी समय है और मौजूदा स्टॉक सरकार व किसानों के पास है। सरकार द्वारा पूर्व में खरीदी गई फसल की बिक्री के लिए निविदा मंगाने से बाजार पर हल्का दबाव जरूर आया, फिर भी सरसों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से 6-7 फीसदी ऊपर बने हुए हैं। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 100 बढ़कर 6,925-6,975 प्रति क्विंटल पर बंद हुआ, जबकि दादरी सरसों तेल 175 की तेजी के साथ 14,875 रुपए प्रति क्विंटल पहुंचा। विदेशी बाजार में सोयाबीन की कीमत 1,130-1,135 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,155-1,160 डॉलर हो गई, जिससे घरेलू बाजार में भी थोड़ी तेजी आई। हालांकि, सोयाबीन का हाजिर भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से करीब 15 फीसदी नीचे है, जिससे मंडियों में आवक कम हो रही है। आयातकों को भी लागत से नीचे भाव पर सोया डीगम तेल बेचना पड़ रहा है। सोयाबीन दाना 25 रुपए बढ़कर 4,375-4,425 और डीगम तेल 100 रुपए बढ़कर 9,700 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा। कमजोर थोक दाम और न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे चलने के कारण किसान बिक्री से कतरा रहे हैं। हालांकि मांग में हल्की तेजी से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार हुआ। मूंगफली तेल गुजरात 150 रुपए बढ़कर 13,700 और मूंगफली रिफाइंड 35 रुपए बढ़कर 2,230-2,530 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ। पाम और पामोलीन तेल की कीमतें समीक्षाधीन सप्ताह में स्थिर रहीं। पामतेल की मांग इसलिए प्रभावित रही क्योंकि इसकी कीमत सोयाबीन जैसे नरम तेलों के बराबर है। सीपीओ 10,650, पामोलीन दिल्ली 12,400 और एक्स कांडला 11,350 रुपए प्रति क्विंटल पर टिका रहा। बिनौला तेल की उपलब्धता कम रहने से इसके भाव में 150 की तेजी दर्ज की गई और यह 12,500 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंचा।

# सुजलॉन एनर्जी को पुनर्गठन योजना पर राहत, मिली मंजूरी

### सोमवार को स्टॉक में दिख सकता है एक्शन

नई दिल्ली।

सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड को अपनी पुनर्गठन योजना के तहत एक बड़ी राहत मिली है। कंपनी ने हाल ही में शेयर बाजारों को सूचित किया कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से कोई आपत्ति न होने का पत्र प्राप्त हुआ है। यह स्वीकृति कंपनी द्वारा मई 2023 में प्रस्तावित और अगस्त 2024 में शेयरधारकों तथा कर्जदाताओं से अनुमोदित पुनर्गठन योजना से जुड़ी है। इस योजना के तहत सुझलॉन एनर्जी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सुझलॉन ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड का विलय अपने आप में करने जा रही है। इस विलय का उद्देश्य कंपनी के कॉर्पोरेट ढांचे को सरल और अधिक प्रभावी बनाना है। कंपनी का कहना है कि इससे संचालन अधिक दक्ष और लागत प्रभावी होगा। स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी ऑब्जर्वेशन लेटर में कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कीम ऑफ अरेंजमेंट को सेबी के सभी नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करे। साथ ही कंपनी को किसी भी लंबित अदालती, वसूली या अभियोजन मामलों की पूरी जानकारी का खुलासा करना होगा। लेटर में यह भी कहा गया है कि ड्राफ्ट स्कीम में कोई बदलाव नियामकीय मंजूरी के बिना नहीं किया जा सकता। अब यह योजना राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत की जाएगी। इस खबर के बाद शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.6 फीसदी बढ़कर 65.65 पर बंद हुए। निवेशकों को उम्मीद है कि यह पुनर्गठन कंपनी की दीर्घकालिक विकास रणनीति को मजबूती देगा।



# हिंदुस्तान कॉपर मध्यप्रदेश में 400 करोड़ के निवेश से कन्सन्ट्रेटर संयंत्र लगाएगी

मलांजखंड।

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) अगले दो-तीन वर्षों में मध्य प्रदेश के मलांजखंड में 30 लाख टन वार्षिक क्षमता वाला नया कन्सन्ट्रेटर संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इस परियोजना पर कंपनी लगभग 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कदम कंपनी की अयस्क उत्पादन क्षमता को तिगुना करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के चेयरमैन ने बताया कि सरकारी परामर्श कंपनी मेकॉन इस संयंत्र के लिए तकनीकी डिजाइन और निविदा दस्तावेज तैयार कर रही है। निर्माण कार्य की शुरुआत 2026 में होने की संभावना है, जिसे कंपनी अपने आंतरिक संसाधनों से वित्तपोषित करेगी। फिलहाल मलांजखंड में एचसीएल का 25 लाख टन सालाना क्षमता वाला कन्सन्ट्रेटर संयंत्र संचालित है। कन्सन्ट्रेटर संयंत्र खनिज अयस्क से अपशिष्ट को अलग कर मूल्यवान खनिजों का संकेंद्रित रूप तैयार करता है, जिसे आगे गलन या शोधन के लिए भेजा जाता है।




# एलाइड इंजीनियरिंग ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

### नए शेयरों की बिक्री से 400 करोड़ रु. जुटाने का इरादा

नई दिल्ली।

स्मार्ट बिजली उपकरण विनिर्माता एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी करीब 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी कर बाजार से पूंजी जुटाना चाहती है। इसके साथ ही एक प्रवर्तक की ओर से 75 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी। जुटाई गई राशि का उपयोग कुंडली और राय स्थित विनिर्माण इकाइयों में स्मार्ट गैस, वॉटर और बिजली मीटर के उत्पादन पर किया जाएगा, जिसमें क्रमशः 116.75 करोड़ और 99.71 करोड़ खर्च होंगे। इसके अलावा कंपनी 120 करोड़ अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं पर खर्च करेगी। एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स आईपीओ से पहले के दौर में 80 करोड़ तक जुटाने पर भी विचार कर रही है, जिससे नए निर्गम का आकार कम हो सकता है।

# भारत सरकार के अनुरोध पर की गई नीरव मोदी के भाई की गिरफ्तारी

### करोड़ों की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

वाशिंगटन।

अमेरिका में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी 4 जुलाई को भारत सरकार के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई। नेहल मोदी पर आरोप है कि उसने नीरव मोदी की पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले में मदद की थी। यह घोटाला भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक है, जिसमें करीब 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। नेहल मोदी बेल्जियम का नागरिक है और अमेरिका में रह रहा था। भारत की जांच एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उसके खिलाफ सबूत जुटाए थे और उसे भारत लाने के लिए अमेरिका से औपचारिक रूप से प्रत्यर्पण की मांग की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने पुष्टि की है कि गिरफ्तारी भारत के अनुरोध के बाद की गई है। अब अमेरिका की अदालत में नेहल मोदी के प्रत्यर्पण को लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यदि अदालत भारत के पक्ष में फैसला देती है, तो नेहल को भारत लाया जाएगा, जहां उसे पूछताछ और मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि नीरव मोदी पहले से ही ब्रिटेन की जेल में बंद है और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। नेहल की गिरफ्तारी भारत के उन अंतरराष्ट्रीय कोशिशों का हिस्सा है, जिसके तहत भगोड़े आर्थिक अपराधियों को कानून के कटघरे में लाया जा रहा है। इस कदम को भारत की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# सेंसेक्स की छह कंपनियों के मार्केट कैप में 70,325 करोड़ की गिरावट

### एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ

मुंबई।

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में कमजोरी के कारण एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा।

टॉप 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्य में गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 19,284.8 करोड़ रुपये घटकर 15,25,339.72 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार मूल्य में 13,566.92 करोड़ रुपये की कमी आई, जो अब 10,29,470.57 करोड़ रुपये पर है। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 13,236.44 करोड़ रुपये घटकर 5,74,977.11 करोड़ रुपये और एलआईसी का 10,246.49 करोड़ रुपये घटकर 5,95,277.16 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का बाजार मूल्य 8,032.15 करोड़ रुपये घटकर 12,37,729.65 करोड़ रुपये पर पहुंचा।

भारती एयरटेल का मूल्यांकन भी 5,958.7 करोड़ रुपये घटकर 11,50,371.24 करोड़ रुपये रह गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 15,359.36 करोड़ रुपये बढ़कर 20,66,949.87 करोड़ रुपये हो गया।

इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,127.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,81,383.80 करोड़ रुपये पहुंचा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,906.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,757.36 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 5,756.38 करोड़ रुपये बढ़कर 7,24,545.28 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बरकरार रही, उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की स्थिति बनी रही।



# गुजरात में पीवीसी संयंत्र लगाएगा अदाणी समूह

### पेट्रोरसायन क्षेत्र में रिलायंस के साथ प्रतिस्पर्धा की तैयारी

नई दिल्ली।

अदाणी समूह गुजरात के मुंद्रा में 10 लाख टन वार्षिक क्षमता वाला पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) संयंत्र लगाने जा रहा है। इस परियोजना के साथ अदाणी समूह पेट्रोरसायन क्षेत्र में कदम रखेगा, जहां फिलहाल रिलायंस इंडस्ट्रीज का दबदबा है। अनुमान है कि यह संयंत्र वित्त वर्ष 2027-28 तक चालू हो जाएगा। पीवीसी एक बहुउपयोगी प्लास्टिक पॉलिमर है, जिसका इस्तेमाल पाइप, खिड़की-फ्रेम, केबल इंसुलेशन, फ्लोरिंग और खिलौनों जैसे कई उत्पादों में होता है। भारत में पीवीसी की सालाना मांग लगभग 40 लाख टन है, जबकि घरेलू उत्पादन सिर्फ 15.9 लाख टन है। इसमें से लगभग आधी क्षमता रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास है। सूत्रों के मुताबिक अदाणी की यह परियोजना एसिटिलीन और कैल्शियम कार्बाइड आधारित उत्पादन प्रक्रिया पर आधारित होगी। इसे पर्यावरणीय मंजूरी और सरकार की सहमति पहले ही मिल चुकी है। समूह भविष्य में इस संयंत्र की क्षमता को बढ़ाकर 20 लाख टन तक ले जाने की योजना बना रहा है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते मार्च 2023 में रुकी यह परियोजना अब दोबारा शुरू हो चुकी है। अदाणी समूह ने 5 अरब डालर से अधिक की पूंजी जुटाई है और इस परियोजना को एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंकिंग गठजोड़ से वित्तपोषित किया जा रहा है।

# इलेक्ट्रिक एसयूवी हैरियर ईवी की बुकिंग प्रारंभ




नई दिल्ली।

स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी नई फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी हैरियर ईवी की बुकिंग शुरू कर दी है। टाटा ने इसे ऑल व्हील ड्राइव और स्टील्थ एडिशन जैसे वेरिएंट में लॉन्च किया है। ग्राहक इसे 21,000 रुपये के टोकन अमाउंट पर बुक कर सकते हैं। इसकी शुरुआती कीमत 21.49 लाख रुपये रखी गई है। यह भारतीय बाजार में कंपनी की सबसे एडवांस और दमदार इलेक्ट्रिक एसयूवी मानी जा रही है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी 622 किमी की क्लेम्ड रेंज है। इसके अलावा इसमें डुअल मोटर ऑल-व्हील-ड्राइव सेटअप दिया गया है, जिसमें हर एक्सल पर एक इलेक्ट्रिक मोटर लगी है।

बूस्ट मोड में यह कार 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार सिर्फ 6.3 सेकंड में पकड़ सकती है। ऑफरोडिंग को ध्यान में रखते हुए इसमें 6 मल्टी-टेरेन मोड दिए गए हैं - नॉर्मल, मड रट्स, रॉक क्रॉल, सैंड, स्नो/ग्रास और कस्टम।

हैरियर ईवी में 540-डिग्री कैमरा फंक्शन दिया गया है जो 360-डिग्री व्यू के साथ-साथ गाड़ी के नीचे का हिस्सा भी दिखाता है।इसमें शार्क फिन एंटीना में कैमरा लगाया गया है जो डिजिटल आईआरवीएम पर रियर व्यू दिखाता है और डैशकैम की तरह रिकॉर्डिंग भी करता है।

इवेंट में हैरियर ईवी को पहाड़ी चढ़ाई, कीचड़ और पानी से भरे रास्तों से निकाला गया। इसे 1.5 टन के कंटेनर का भार भी सहन करते दिखाया गया। भारत एनकैप क्रैश टेस्ट में इसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग भी मिली है।

इस तरह टाटा हैरियर ईवी ने भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में नई स्टैंडर्ड सेट कर दी है। यह ट्रांसपेरेंट मोड में खासतौर पर ऑफरोडिंग और बड़े गड्ढों में बेहद काम आता है। टाटा ने इसमें 14.5 इंच का नया नियो क्यूलेड डिस्प्ले दिया है, जो अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीन है।

# ट्रांसरेल लाइटिंग को पावर ग्रिड के ठेकों में 10 फीसदी हिस्सेदारी की उम्मीद

नई दिल्ली।

ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग को चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली पारेषण कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) के ठेकों में 8 से 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल होने की उम्मीद है। यह जानकारी कंपनी के एक अधिकारी ने दी। नारंग ने बताया कि वर्तमान में ट्रांसरेल की बाजार हिस्सेदारी लगभग 8-10 फीसदी है और कंपनी इस स्तर को बनाए रखते हुए पावर ग्रिड के बड़े निवेश योजनाओं का लाभ उठाना चाहती है। पावर ग्रिड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 28,000 करोड़, 2026-27 के लिए 35,000 करोड़ और 2027-28 के लिए 45,000 करोड़ के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। 2024-25 में ट्रांसरेल ने 9,680 करोड़ के ऑर्डर हासिल किए, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 120 फीसदी की वार्षिक वृद्धि को दर्शाते हैं। अधिकारी के अनुसार कंपनी के पास वर्ष की शुरुआत से ही मजबूत ऑर्डर बुक है और उसे अगले 24-30 महीनों के लिए राजस्व की स्पष्ट दृश्यता प्राप्त है।

# डीप टेक स्टार्टअप्स को मिलेगा नया बूस्ट -गोयल

### सरकार ने फंड ऑफ फंड्स में जोड़े 10 हजार करोड़

नई दिल्ली।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बेंगलुरु में घोषणा की कि सरकार ने डीप टेक रिसर्च और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए 'फंड ऑफ फंड्स' स्कीम के तहत 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मंजूर की है। उन्होंने बताया कि पिछली बार बजट में दी गई इतनी ही राशि पहले ही उपयोग की जा चुकी है। नई फंडिंग का बड़ा हिस्सा डीप टेक क्षेत्र को समर्पित किया जाएगा, जिससे देश में नई तकनीकों के विकास और नवाचार को बल मिलेगा। गोयल ने बताया कि इस फंड के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं, जिससे स्टार्टअप्स को रिसर्च और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ, भारत के स्टार्टअप पॉलिसी फोरम ने एक नई पहल की शुरुआत की है।



# इस एक्ट्रेस ने प्रियंका की फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को सराहा, देसी गर्ल ने दिया रिएक्शन



प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की तारीफ उनके कई बॉलीवुड को-एक्टर्स भी कर रहे हैं। हाल ही में साउथ के पॉपुलर एक्टर महेश बाबू की पत्नी और एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर ने प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की है। नम्रता की पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्शन दिया है।

### नम्रता ने प्रियंका को अमेजिंग बताया

नम्रता शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। पोस्ट में नम्रता ने लिखा है, 'आप फिल्म में बहुत अमेजिंग थीं प्रियंका चोपड़ा। आपने धमाल मचा दिया। मुझे फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट्स' बहुत पसंद आई।' नम्रता की इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट किया, उनकी पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। साथ ही नम्रता के लिए एक मैसेज भी लिखा, 'शुक्रिया क्वीन, नम्रता शिरोडकर।'

### साउथ की मेगा बजट फिल्म का भी हिस्सा प्रियंका

बताते चलें कि प्रियंका चोपड़ा, नम्रता शिरोडकर के पति और एक्टर महेश बाबू के साथ एक साउथ फिल्म कर रही हैं। इस मेगा बजट फिल्म में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। फिल्म को एस.एस. राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। पिछले दिनों इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका भारत भी आई थी। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी जानकारी प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी।



# मां बनने के बाद होता है आर्थिक नुकसान, कोंकणा ने इंडस्ट्री के दोहरे रवैये पर की बात

अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वो पंकज त्रिपाठी के साथ नजर आने वाली हैं। इस बीच अब अभिनेत्री काम और पर्सनल लाइफ के बीच संतुलन बिठाने को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं के काम और उनके वेतन पर पड़ने वाले असर को लेकर भी बात की।

### मां बनने के बाद पड़ता है असर

फर्स्टपोस्ट के साथ हालिया बातचीत में कोंकणा सेन शर्मा ने कहा कि सच कहूं तो आज के वक्त में किसी भी इंडस्ट्री में मां बनने के बाद महिलाओं की कमाई में असर दिखना शुरू हो जाता है। जबकि पुरुषों के साथ इसका उल्टा होता है। क्योंकि होता ये है कि एक पिता के तौर पर एक पुरुष के लिए जैसे-जैसे उनके बच्चे होते हैं, वो अधिक सीनियर होते जाते हैं और अधिक कमाने लगते हैं। लेकिन महिलाओं के साथ इसका उल्टा होता है। क्योंकि मां बनने के बाद महिलाओं को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। क्योंकि आप उस तरह से हर चीज में हिस्सा नहीं ले सकते और वैसे काम नहीं कर सकते। जिस तरह से समाज आपसे उम्मीद करता है या जो आपके वर्कप्लेस पर आपसे उम्मीद की जाती है।

### 'सरकारों को वर्किंग मदर्स के लिए नीतियों में करना चाहिए बदलाव'

एक्ट्रेस ने आगे कहा, अब आने वाले दिनों में ये होने वाला है कि महिलाओं को बच्चे पैदा करने के लिए बिल्कुल भी प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। क्योंकि यह दिन पर दिन मुश्किल होता जा रहा है। आप जानते हैं, प्रोफेशनल लाइफ में एक्टिव होना और साथ ही एक अच्छी मां बनना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसके लिए सरकारों को अंततः वर्किंग माओं के लिए नीतियों में बदलाव करना होगा। वर्ना धीरे-धीरे इसमें कमी आती जाएगी।

### 'मेट्रो इन दिनो' में नजर आएंगी कोंकणा

वर्कफ्रंट की बात करें तो कोंकणा अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनो' का हिस्सा हैं। इस फिल्म में कोंकणा के अलावा पंकज त्रिपाठी, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, अनुपम खेर, फातिमा सना शेख और नीना गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# शनाया की ईमानदारी और कमिटमेंट ने किया मुझे हैरान

विक्रांत मैसी ने फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में अभिनेत्री शनाया कपूर के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। अभिनेता विक्रांत मैसी ने बताया कि कैसे उनके समर्पण और कड़ी मेहनत ने नेपोटिज्म जैसे स्टीरियोटाइप को तोड़ने में मदद की। समाचार एजेंसी आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में विक्रांत से पूछा गया कि उन्होंने रोमांटिक ड्रामा की शूटिंग के दौरान शनाया से क्या सीखा? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेता ने कहा, मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। लेकिन जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रेरित किया, वह था उनकी कमिटमेंट। जिस इंटेनसिटी और ईमानदारी के साथ वह इस फिल्म में आईं, मेरे लिए यह अविश्वसनीय रूप से प्रेरक और मार्मिक था। भले ही यह सच है कि वह नेपोकिड हैं और फिल्मी परिवार से आती हैं, तो लोगों के मन में उनको लेकर एक अलग धारणा बनी है कि उनके पास विशेषाधिकार की एक खास भावना है। लेकिन मुझे उनमें ऐसा कुछ भी महसूस नहीं हुआ।

उन्होंने आगे कहा, वह हर दिन सेट पर रहती थीं, और इस प्रोजेक्ट में पूरे दिल से लगी हुई थीं। वह फिल्म में बहुत अच्छी तरह से तैयारी करके आई थीं। उनका यह कमिटमेंट बहुत प्रेरणादायक था, और मैं आशा करता हूं कि वह इसे लंबे समय तक बनाए रखेगी, क्योंकि मेरा मानना है कि कभी-कभी, यह अच्छे और महान के बीच बस एक धागे का अंतर होता है, और उनके पास वे सभी गुण हैं जो उसे इस इंडस्ट्री में आगे बढ़ा सकते हैं, जिसने मुझे वास्तव में प्रेरित किया।

मैसी ने कहा कि शनाया कपूर जब कैमरे के सामने होती हैं तो सच में उस पल को बहुत अहमियत देती हैं और यह उनके काम में झलकता है।

जब दर्शक फिल्म देखेंगे, तो उन्हें भी ऐसा ही लगेगा कि उन्होंने इस अवसर को हल्के में नहीं लिया है। और यह, मेरे लिए, बहुत ताजगी भरा था।

शनाया कपूर आंखों की गुस्ताखियां से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने जा रही हैं, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में आने वाली है। रस्किन बॉन्ड की मशहूर कहानी द आइज हैव इट से प्रेरित इस फिल्म में शनाया एक थिएटर कलाकार की भूमिका में हैं।



# निमरत कौर ने की टाइगर की तारीफ

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ और टीवी एक्ट्रेस निमरत कौर का म्यूजिक वीडियो 'बेपनाह' रिलीज हो चुका है। निमरत ने को-एक्टर टाइगर की तारीफ करते हुए बताया कि वह मेहनती हैं और हर फ्रेम में उनका पैशन दिखता है। टीवी शो 'छोटी सरदारनी' फेम निमरत कौर ने इस वीडियो में टाइगर के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर किया है। उनके ग्लैमरस अंदाज और टाइगर की डांस प्रतिभा ने इस गाने को खास बना दिया है।

निमरत ने इस अनुभव को शेयर करते हुए बताया, टाइगर के साथ काम करना बेहद मजेदार रहा। हर फ्रेम में उनका जुनून और मेहनत साफ दिखता है, जो प्रेरणादायक है। मुझे उनकी एनर्जी से तालमेल बिठाना था और कोरियोग्राफर बॉस्को ने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकालकर बेहतरीन डांस सिखाया। यह गाना स्टाइल, रिदम और केमिस्ट्री का शानदार मिश्रण है। मैं दर्शकों के रिएक्शन का इंतजार कर रही हूं। निमरत ने यह भी बताया कि जब उन्होंने 'बेपनाह' का कॉन्सेप्ट और ट्रैक सुना, तो वह तुरंत इसकी दीवानी हो गईं। गाने की जीवंतता और ग्लैमरस वाइब ने उन्हें नया लुक आजमाने का मौका दिया। टाइगर सोशल मीडिया पर गाने के बीटीएस वीडियो और टीजर शेयर कर चुके हैं। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा था, मैंने लंबे समय बाद खुद को इतना पुश किया है। इस गाने को आप सबके साथ शेयर करने के लिए उत्साहित हूं। यह म्यूजिक वीडियो हाई-फैशन विजुअल्स और शानदार कोरियोग्राफी का मिश्रण है, जो दर्शकों को मनोरंजन का दोगुना डोज देगा। टाइगर के फैंस इसे उनके अब तक के सबसे शानदार परफॉर्मेंस में से एक बता रहे हैं। 'बेपनाह' यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है। टाइगर जल्द ही 'बागी 4' में भी नजर आएंगे, जो 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# आज के समय में मैं गेमिंग तब करता हूं जब मुझे कोई टेंशन होती है



फिल्म तारे जमीन पर के ईशान अवस्थी के रूप में आज भी याद किए जाने वाले एक्टर दर्शील सफारी इन दिनों अपनी वेब सीरीज गेमरलोग को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में दर्शील ऑनलाइन गेमिंग मुकाबले में भागीदारी करने वाले युवा की भूमिका में हैं। खास बात यह है कि दर्शील खुद भी ऑनलाइन गेमिंग के बेहद शौकीन हैं। यहां तक कि एक समय था, जब उन्होंने रात-रात भर ऑनलाइन गेम खेला है। बकौल दर्शील, हमारी पीढ़ी के युवाओं के बीच ऑनलाइन गेमिंग एक आम बात है। मैंने बहुत कम उम्र में ऑनलाइन गेम खेलना शुरू किया था। एक समय था, जब मैंने रात-रात भर ऑनलाइन गेम खेली है। मेरे पास गेमिंग कंसोल था, पर मेरे डैड को लगा कि ये तो बहुत बड़ी गलती हो गई और उन्होंने मुझे गेम खेलने से रोक दिया। ईशान ने बताया, उन्होंने कहा कि जब तक मेरे बोर्ड एग्जाम खत्म नहीं होते, मैं गेम नहीं खेल सकता। यहां तक कि उन्होंने एक नया प्ले स्टेशन सरप्राइज के तौर पर छिपाकर रखा था। मुझे पता भी नहीं था कि मेरे घर पर यह प्ले स्टेशन है। हालांकि, अब मैं उतना गेम नहीं खेलता। एक बैलेंस बनाने की कोशिश कर रहा हूं।

तारे जमीन पर के एक्टर ने कहा,मैं सबसे यह कहना भी चाहूंगा कि गेमिंग में बहुत ज्यादा घुस जाना भी अच्छा नहीं होता है। आपको एक बाहर की दुनिया से भी जुड़ा रहना चाहिए। आज के समय में मैं गेमिंग तब करता हूं, जब मुझे अपनी किसी सोच को बंद करना होता है। जब कोई टेंशन होती है तो मैं 15-20 मिनट खेलता हूं तो वो टेंशन दूर हो जाती है।



# 8 घंटे शिफ्ट की लड़ाई कब से लड़ रही हूं

कला उन्हें विरासत में मिली। उनके दादा नाटक कंपनी चलाते थे, तो सुर सम्राज्ञी बुआ लता मंगेशकर और आशा भोसले की भी संगत रही। लिहाजा, वह खुद भी बचपन ही फिल्मों में गायिकी और अदाकारी का हुनर दिखाने लगीं। हम बात कर रहे हैं, 80 के दशक की प्रेम रोग, वो सात दिन, सौतन जैसी यादगार फिल्मों की स्टार अदाकारा पद्मिनी कोल्हापुरे की, जिन्होंने लंबे अर्से बाद सीरियल चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान से छोटे पर्दे पर वापसी की है।

**आज नायिका प्रधान फिल्मों की काफी बातें होती हैं कि अब लड़कियों के लिए दमदार रोल लिखे जा रहे हैं। आप इससे कितना सहमत हैं?**

पद्मिनी ने कहा- ये मुझे विपरीत बात लगती है। अभी मैं किसी से बात कर रही थी, तो उनका कहना था कि उस जमाने में जिस तरह से महिला प्रधान फिल्में हुआ करती थीं, वो अभी नहीं बन रही है, तो ये नजरिए की बात है। अपने ज़माने में मैंने ढेरों अच्छी फिल्में और बहुत बढ़िया कैरेक्टर किए है। जैसे, प्रेम रोग, इंसाफ का तराजू, वो सात दिन, सौतन, जिनके बारे में आज भी चर्चा होती है। यही नहीं, उस ज़माने में हम 5 या 6 ही लड़कियां थीं। जबकि, आज 50 से 100 लड़कियां हैं, तो कॉम्पिटिशन बहुत तगड़ा हो गया है।

**इंसाफ का तराजू और प्रेम रोग जैसी फिल्में सेक्सुअल एब्यूज और विधवा विवाह जैसे गंभीर मुद्दों पर हैं। उसमें इंटीमेट सीन भी थे, जबकि आप तब सिर्फ 15-16 साल की थीं। उन किरदारों को करना कितना मुश्किल था? कुछ असहज भी हुई?**

देखिए, ये तो डायरेक्टर के हाथ में होता है कि वे ऐसे सीन को कैसे फिल्माते हैं। उस समय में इतने बड़े-बड़े डायरेक्टर्स थे, राज कपूर, बीआर चोपड़ा, वी शांताराम, वे एक जुनून के साथ फिल्म बनाते थे। उनको सिनेमा से मोहब्बत थी, जो मैंने खुद देखा है। वे यह सोचकर फिल्म नहीं बनाते थे कि वो चलेगी या नहीं। 100 दिन करेगी या सिल्वर जुबली। उन्हें स्क्रिप्ट पसंद आती थी, तो वे उसमें बिल्कुल डूब जाते थे। वे इस नीयत से सिनेमा बनाते थे। दूसरे, चूंकि मैं बचपन से ही काम करती आ रही हूं तो मुझे उसमें ऐसा कुछ अलग या असहज नहीं लगा। मैं तो नर्वस तब हुई थी, जब जमाने को दिखाना है में पहली बार ऋषि कपूर जी के साथ काम करना था। मैं ऋषि जी की बहुत बड़ी फैन थी। आज भी मैं उनकी फिल्में देखती हूं तो उनकी बहुत याद आती है।

**आपने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट भी बहुत काम किया है, क्या बचपन में काम इंजॉय करती थीं? जैसे नीतू कपूर कहती है की वो इंजॉय नहीं करती थीं, इसलिए शादी के बाद जैसे मौका मिला, उन्होंने ऐक्टिंग छोड़ दी...**

ऐक्टिंग छोड़ी तो मैंने भी। मैंने भी 21 साल की उम्र में ऐक्टिंग छोड़ दी थी, जब मेरी शादी हुई, क्योंकि तब मैं इतनी बिजी थी। सुबह से लेकर रात तक। जैसे अभी इस शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान के लिए ही मुझे 12 से 14 घंटे शूट करना पड़ रहा है। उस समय तो हफ्ते में सातों दिन, साल में 365 दिन नॉनस्टॉप शूटिंग हुआ करती थी। आप सोचिए, मैं बच्ची ही थी न। बच्ची छोड़िए, कोई बड़ा भी हो तो सुबह 7 बजे से रात के 11-12 बजे तक आप बाहर ही रहो। आज-कल, परसों, 10 दिन, 15 दिन महीना साल तो इंसान थक ही जाता है ना, तो ये हुआ मेरे साथ। इसलिए, मैंने भी जब शादी की, तो खुद ही तय कर लिया था कि शादी के बाद मैं काम छोड़ दूंगी। बहुत हो गया और उसका कोई अफसोस नहीं है। अभी लोग सोचते हैं कि अब फिर से काम क्यों कर रही हूं, तो वो इसलिए क्योंकि मैं यही एक काम जानती हूं।

**तब ज्यादातर हीरोइनें शादी और मां बनने के बाद काम छोड़ देती थीं, मगर आज करीना, आलिया, दीपिका सब काम कर रही हैं और वे एक वर्क कल्चर की मांग कर रही हैं कि 12-14 नहीं, 8 घंटे काम होना चाहिए। आपका क्या नजरिया है?**

काम के घंटे निश्चित तौर पर कम होने चाहिए। ऐसा नहीं कि 12-14 घंटे की शिफ्ट हो। मैं सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (ष्ट्ठहृञ्ज) की सीनियर वाइस प्रेजिडेंट भी हूं तो हम इसके लिए बहुत समय से लड़ रहे है, आग्रह भी कर रहे हैं कि प्लीज थोड़ी सी सहूलियत करें। मुझ लगता है कि कुछ बड़े कलाकार भी इसमें जुड़ जाएं और तो सबके लिए आसानी हो जाएगी। सभी खुशी खुशी काम कर पाएंगे, क्योंकि ऐक्टिंग में फिजिकली और मेंटली दोनों तरह से बहुत काम होता है। जैसे, अभी एक दिन 12 बजे तक शूट करते-करते मैं खुद बिल्कुल डेड हो गई थी कि भई, अब मुझसे नहीं होगा और काम के वक्त ये तनाव अच्छा नहीं है।

**फिल्म पानीपत के बाद टीवी पर 11 साल बाद वापसी करने के लिए भी आपने चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसा ऐतिहासिक शो चुना है। ऐसा क्यों?**

चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना ही मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब राजमाता की भूमिका मेरे पास आई तो मुझे तुरंत एक जुड़ाव महसूस हुआ। ऐसी भूमिका मिलना दुर्लभ है जिसमें इतनी गहराई और शांत शक्ति हो। पानीपत मेरी पहली ऐतिहासिक फिल्म थी, जिसे करने में मुझे बहुत मजा आया था, मगर फिल्म में आपको तीन घंटे में सब कुछ दिखाना पड़ता है, जबकि टीवी पर आप बहुत दिखा सकते हैं। अभी मैं शूट के लिए पटना गई थी, तो फ्लाइट में छावा देखी और मुझे लगा कि हमारे देश के इन नायकों की कहानी कहना बेहद जरूरी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in